4- JULY- BSP- PG-1_Layout 1 7/5/2024 12:29 AM Page 1


तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024




बारिश में तिफरा की सड़क बदहाल हो गई है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।








## कलेक्टर ने शपथपत्र पेश कर कहा, लगातार निरीक्षण कर सुधार कर रहे

# सिम्स में जगह-जगह सीपेज, पानी टपक रहा, ड्रेनेज सिस्टम भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स की व्यवस्था सुधार के लिए बिलासपुर कलेक्टर की ओर से गुरुवार को हाईकोर्ट में शपथ पत्र पेश किया गया। इसमें बताया गया है कि सिम्स में मरीजों के परिजन के लिए शेड और खाना बनाने की अलग से व्यवस्था की गई है। साथ ही लगातार निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार कराए जा रहे हैं। इस दौरान न्याय मित्र की ओर से बताया गया कि सिम्स में जगह-जगह पर सीपेज है, पानी टपक रहा और ड्रेनेज सिस्टम भी नहीं है। कोर्ट ने कलेक्टर को निर्देशित किया कि व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार काम कराते रहें। साथ ही अस्पताल के सीपेज और ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। अगली सुनवाई 2 अगस्त को रखी गई है।

सिम्स मेडिकल अस्पताल में आम मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसकी जानकारी मिलने पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने स्वतः संज्ञान लिया है और इसे एक जनहित याचिका के रूप में मामले की सुनवाई की जा रही है। याचिका में बात सामने आई कि दूर-दूर से यहां आने वाले मरीज कुछ दिन भर्ती होने के बाद या तो मजबूर होकर वापस लौट जाते हैं या किसी प्राइवेट हॉस्पिटल का रुख कर लेते हैं। हाईकोर्ट ने मामले में शासन से जवाब भी मांगा था। शासन की ओर से नियुक्त ओएसडी ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट भी पेश की थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि सिम्स में वर्क कल्चर पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसे वापस पटरी पर लाने में अभी बहुत समय लगेगा।



सिम्स के बर्न यूनिट वार्ड के बाहर की छत से पानी टपक रहा है, वहीं दीवारों पर भी सीपेज है।

### सफाई पर खास ध्यान देने के निर्देश

हाईकोर्ट ने सिम्स में साफ-सफाई पर खास ध्यान देने कहा है। बंद पड़ी सफाई मशीन के बारे में भी पूछा गया। बताया गया कि बैटरी डिस्चार्ज होने की वजह से कई बार सफाई मशीन काम नहीं करती। हाईकोर्ट के समक्ष यह बात भी सामने आई है कि सिम्स में पिछले एक दशक से साफ-सफाई का जिम्मा आउटसोर्सिंग से निजी कंपनी के पास है। हाउसकीपिंग, सुरक्षा, सफाई का बजट में दवाओं व उपकरणों के बजट से कहीं अधिक है, लेकिन कंपनी के काम की गुणवत्ता बेहद खराब है। सिक्यूरिटी भी लंबे समय से एक ही कंपनी के पास है। हाईकोर्ट ने इसे सुधारने कहा है।

### सिम्स बनाने के उद्देश्यों को पूरा किया जाए

पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा था कि सिम्स में जांच क्यों नहीं हो पा रही है। इसके लिए क्या व्यवस्था है और क्या योजनाएं हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि सिम्स को स्थापित करने के उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। यहां मशीनें-उपकरण दशकों पुरानी हैं। सिम्स के बिल्डिंग की स्थिति, विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, स्टाफ की कमी, साफ-सफाई, जांच के लिए मशीनों की स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षा, बजट का आवंटन के हिसाब से व्यवस्था सुधारने कहा गया है।

### सीटी स्कैन, सोनोग्राफी की रिपोर्ट समय पर नहीं

गुरुवार को इस मामले में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने उपस्थित महाधिवक्ता से कहा कि,आम लोगों को बाहर निजी अस्पताल में 500 रुपए देने पड़ते हैं। सिम्स में कोई जांच नहीं हो पाती है,यह सब कैसे ठीक होगा। ओपीडी में पंजीयन के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है। ब्लड सैंपल जमा करने में दो से तीन दिन लग जा रहे, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी की रिपोर्ट समय पर नहीं मिल रही।

## खबर संक्षेप



### पीजी में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 में यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में आनलाइन प्रवेश के लिए पोर्टल ओपन कर दिया है। अटल यूनिवर्सिटी ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 3 जुलाई से शुरू हुई है और पीजी में एडमिशन के लिए 14 जुलाई तक पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। 15 जुलाई को यूनिवर्सिटी द्वारा कालेजों को आनलाइन माध्यम से संस्था के डेशबोर्ड पर स्टूडेंट्स की लिस्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। इसके बाद 15 जुलाई को ही कालेजों द्वारा अंतिम चरण की मेरिट लिस्ट निकाली जाएगी, जिसके आधार पर फीस जमा कर स्टूडेंटस को 20 जुलाई तक एडमिशन लेना होगा।

# आरवी किट- रिजेंट की कमी, सिम्स में 15 दिनों से जांच बंद, मरीज परेशान

- रिएक्शन विस्लस नहीं मिलने के कारण माइक्रो बॉयोलॉजी विभाग ने रोक दी जांच
- प्रबंधन की लापरवाही फिर से हो रही उजागर, रोजाना होते है 200 टेस्ट



थायराइड सहित विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए लगी मरीजों की कतार।

मौसमी बीमारियों के प्रकोप शहर के लोग परेशान हैं, वहीं संभाग के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स में जांच तक नहीं हो रही है। हालत यह है कि विटामिन, हार्मोन्स, थाइराइड, की जांच पिछले 15 दिनों से बंद है। वहीं प्रबंधन रिजेंट और रिएक्शन विस्लस नहीं मिलने के कारण जांच नहीं होने में असमर्थता जाहिर कर रहा है, जबकि शासन स्तर से प्रपोजल देरी से भेजा गया है, जिससे खरीदी की प्रक्रिया पाइप लाइन में है।

सिम्स में इन दिनों थायराइड, विटामिन डी3 और बी12, टीएसएच, हार्मोन्स जैसी जांच बंद कर दी गई है। पिछले दो हफ्ते से जांच बंद है, जिसके चलते रोजाना सैकड़ों मरीज बाहर पैथोलेब से जांच करा हजारों रूपए गंवा रहे हैं। वहीं प्रबंधन कह रहा है कि रिएक्शन विसल्स रिजेंट किट की सप्लाई नहीं हो सकी है, जिसके चलते जांच बंद करने की नौबत आ चुकी है। खास बात यह है कि प्रबंधन ने किट की कमी के लिए प्रस्ताव ही देर से भेजा है, जिसके चलते समस्या आ रही है।

दरअसल फरवरी माह में ही जून तक का स्टॉक मंगाया गया था, लेकिन जहां हर माह 30 हजार से ज्यादा टेस्ट किट की जरूरत पड़ रही है, ऐसे में सिम्स प्रबंधन को मार्च में ही प्रपोजल शासन को भेज देना होता है, लेकिन चुनाव कार्य का बहाना बना प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया, जबकि चुनाव के चलते चिकित्सीय दवा और किट की खरीदी में बाध्यता नहीं है। ऐसे में आचार संहिता के दौरान भी खरीदी संभव हो सकती है, लेकिन प्रबंधन द्वारा देरी से प्रस्ताव देने के कारण अब खरीदी के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाया जा रहा है, जिसके चलते किट उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

### प्रस्ताव भेजा गया है

किट की कमी के चलते जांच बंद की गई है, शासन के आदेश पर सीजीएमएससी द्वारा खरीदी की जाती है, सप्लाई भी की जाती है, लेकिन खरीदी नहीं हो सकी है। प्रस्ताव भेजा गया है दो से 4 दिनों में सप्लाई होगी, फिर जांच शुरू हो जाएगी।

**-डॉ केके सहारे,** डीन, सिम्स

### रोजाना 250 से अधिक जांच

बायोकेमेस्ट्री की जांच पूरी तरह से बंद है। गर्भवती महिलाओं को थायराइड, विटामिन डी और विटामिन बी की जांच डाक्टरों द्वारा लिखी जा रही है, लेकिन सिम्स में यह जांच फिलहाल नहीं हो रही है। मरीजों को जांच के लिए हजारों रूपए खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि यह जांच सिम्स में मामूली फीस में उपलब्ध है। ऐसे में सिम्स में सुविधा होने के बाद भी मरीजों का आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं हार्मोंस जांच, बी 12, डी2, डी3, थाइराइड, एलेस्टेरॉइड सोडियम, पोटेशियम जांच बंद होने से शासन द्वारा अलग-अलग योजनाओं में मरीजों को दिए जाने वाली सुविधाओं का भी बंटाधार हो रहा है।

### बारिश में होती है समस्या

दरअसल बारिश के मौसम में बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है, इस दौरान डायरिया, मलेरिया और चिकन पॉक्स जैसी बीमारियों के चलते लोगों को परेशान होना पड़ता है, वहीं मौसम जनित बीमारी भी लोगों में होती है। ऐसे में सिम्स जैसे बड़े अस्पताल में जांच नहीं होने से मरीजों की परेशानी दूगूनी हो चुकी है, मरीजों का ना चाहकर भी निजी अस्पतालों का रूख करना पड़ रहा है।




## खबर संक्षेप

### कुदूदण्ड स्कूल में प्रवेश उत्सव, सफल विद्यार्थियों का किया गया सम्मान




**बिलासपुर**। शाउमावि कुदूदंड में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सुश्री श्रद्धा जैन, शाला परिवार के सदस्यों ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्प गुच्छ से स्वागत कर उनका स्वागत किया। उन्हें अच्छी तरह अध्ययन अध्यापन के लिए पुस्तक देकर उनको सम्मानित किया गया। संस्था की प्राचार्या डॉ रीता तिवारी ने सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को उनके सही अध्यन आध्यापन के लिए मार्गदर्शन दिया। ताकि वे भविष्य में सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन कर सके। कक्षा दसवी की छात्रा निहारिका को बोर्ड परीक्षा में 82% अंक लाने पर संस्था की प्राचार्या व पार्षद ने मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र पाठक ने किया। समापन केके दुबे ने किया।

### समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर से कांग्रेस नेताओं ने की मुलाकात



**बिलासपुर**। प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक एवं नेता रघु ठाकुर के बिलासपुर आगमन पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभय नारायण राय, प्रदेश कांग्रेस सचिव महेश दुबे, शहर कांग्रेस के आशुतोष शर्मा ने उनसे भेंट की। श्री राय ने बताया कि रघु ठाकुर से चुनाव के बाद की परिस्थितियों व परिणामों को लेकर चर्चा हुई। रघु ठाकुर ने जनादेश को लेकर कहा कि देश की जनता ने विपक्ष को मजबूत किया है और जनता चाहती है विपक्ष मजबूत होकर देश की समस्याओं को उठाए। समाजवादी सोच के अनुसार इस देश का विकास हो और तानाशाही की ओर कोई सरकार आगे न बढ़े। रघु ने कहा कि कांग्रेस से देश को उम्मीदें बहुत है। कांग्रेस को सबको संगठित कर आगे बढ़ाना चाहिए।

### सीएम व डिप्टी सीएम से मिले सोमनाथ राज्य रैली के लिए मिली सहमति



**बिलासपुर**। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ के संरक्षक श्री साय से भेंट के दौरान डा. यादव ने राज्य में स्काउट आंदोलन की गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया। मुख्यमंत्री को बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पूरे राज्य में 7 जुलाई को पौधरोपण किया जा रहा है। सभी जिलों की इकाइयों द्वारा पौधों का रोपण किया जाएगा। श्री यादव ने मुख्यमंत्री से राज्य रैली के आयोजन की सहमति प्राप्त की। मुख्यमंत्री के समक्ष प्राथमिक स्तर पर कब, बुलबुल की गतिविधियों को गति देने राज्य शासन से निशुल्क गणवेश उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। वहीं डा. सोमनाथ यादव ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव से भी भेंट की। उन्होंने डिप्टी सीएम का कोरबा में हुए नेशनल यूथ फोरम के आयोजन में विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा इवेंट की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री को नेशनल यूथ फोरम का स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया।

### जनदर्शन में 15.30 लाख रुपए की मुआवजा राशि का चेक वितरित



**बिलासपुर**। कोटा अनुविभाग के एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने जनदर्शन आयोजित कर ग्रामीणों और किसानों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में 5 किसानों को भूमि अधिग्रहण का 15 लाख 30 हजार रुपए की मुआवजा राशि का चेक वितरित किया। इनमें रणजीत सिंह कोटा 3 लाख 15 हजार, मोहनलाल कोटा 1 लाख 58 हजार, अगतराम यादव ग्राम जरगा 1 लाख 4 हजार रुपए, मनीष भोसले ग्राम सैदा 8 लाख 78 हजार एवं शारदा ग्राम घुटकू 73 हजार शामिल हैं। जनदर्शन में ज्यादातर आवेदन जाति प्रमाण पत्र एवं अभिलेख सुधार के हैं। श्री उर्वशा ने ग्रामीणों से खेती किसानी, खाद बीज की उपलब्धता की भी जानकारी ली। बिल्हा एसडीएम ने भी जनदर्शन में समस्याएं सुनी और उनका निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने दूरदराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी। उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अफसरों को दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणों को शासन द्वारा दी गई योजनाओं का लाभ उठाने कहा गया।

---

**आम यात्रियों की सुविधाओं पर फोकस** — रेल प्रबंधन ने 150 किमी की दूरी की यात्रा करने वाले मुसाफिरों को दी एमएसटी की सुविधा

# एमएसटी का किराया 75% तक कम, रायपुर का मंथली टिकट 440 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

रेलवे ने यात्रियों के लिए 150 किमी तक के लिए मासिक सीजन टिकट की सुविधा दी है। यात्री को केवल 25 प्रतिशत किराए की राशि से महीने भर यात्रा की सुविधा मिल रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मासिक सीजन टिकट नियमित टिकट की तुलना में अत्यधिक किफायती है, जिससे दैनिक यात्रा करने वाले यात्रियों की मासिक यात्रा खर्चों में काफी बचत होती है। द्वितीय श्रेणी मासिक सीजन टिकट का किराया किमी के स्लैब के अनुसार लगता है। उन्होंने बताया कि स्लैब के अनुसार 1–20 किमी तक 100 रुपए, 21–45 किमी तक 185 रुपए, 46–70 किमी तक 270 रुपए, 71–100 किमी तक 355 रुपए, 101 –135 किमी तक 440 रुपए तथा 136–150 किमी तक का 525 रुपए किराया लगता है। उपरोक्त किराया एक माह का है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर स्टेशन से रायपुर स्टेशन की दूरी 110 किमी है, जिसका मासिक सीजन टिकट का किराया मात्र 440 रुपए है।




### आर-वालेट से भुगतान पर 3% बोनस भी

श्री सिंह ने बताया कि यूटीएस ऑन मोबाइल एप की सहायता से मासिक सीजन टिकट घर बैठे आसानी से प्राप्त कर किया जा सकता है। साथ ही टिकट का भुगतान आर- वालेट से करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त बोनस राशि भी प्राप्त कर सकते हैं । मासिक सीजन टिकट न केवल यात्रियों की यात्रा को आसान बनाती है, बल्कि उनके समय और धन की भी बचत करती है।

### 10 हजार नॉन एसी कोच की सुविधा देने की योजना

आम यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10,000 नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान, लगभग 10000 कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जिसमें 5300 से अधिक जनरल कोचों की रिकॉर्ड संख्या शामिल है।

वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। रेल सेवा की मांग गतिशील है और मौसमी बदलावों, यात्री यातायात की वृद्धि आदि के आधार पर घटती/बढ़ती रहती है। कोचों की आवश्यकता इन कारकों पर आधारित होती है और वार्षिक कोच उत्पादन कार्यक्रम में शामिल की जाती है। कोचों का उत्पादन आम तौर पर आवश्यकता के अनुरूप होता है।

---

उद्योग संघ ने इरकॉन द्वारा बनाई जा रही डीपीआर के लिए उनके विशेषज्ञों से की चर्चा

# उद्योगपतियों ने कहा-200 करोड़ के टेक्नालॉजी सेंटर से मिले सबको लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- सेंटर की स्थापना को लेकर उद्योग संघ ने दी सलाह

एमएसएमई की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने बिलासपुर में 200 करोड़ के प्रोजेक्ट के तहत टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना कोनी में की जा रही है। यहां ट्रेनिंग सेंटर प्रोडक्शन सेंटर, सभी तरह की मशीनें स्थापित की जानी है। इसके लिए उद्योग संघ ने इरकॉन द्वारा बनाई जा रही डीपीआर के लिए उनके विशेषज्ञों से चर्चा की।

परिचर्चा में एरकान के कार्यक्रम अध्यक्ष हरीश कुमार पासवान एवं बिज्जा प्रेम कुमार सलाहकार व छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया उपस्थित थे। इस दौरान कोनी में बनने वाले टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना को लेकर लघु उद्योगों की क्या अपेक्षाएं है इस पर चर्चा की गई।

इस संबंध में उद्योग पति सतीश शाह, अंकुर अग्रवाल, राम सुखीजा, शरद सक्सेना ने ट्रेनिंग और मशीन स्थापना के लिए सलाह दी। इस दौरान सभी उद्योगपतियों ने कहा कि इस टेक्नालॉजी सेंटर का लाभ सभी को मिलना चाहिए। परिचर्चा का आयोजन 3 जुलाई बुधवार को जय दुर्गा एग्रो इंडस्ट्रीज, सेक्टर बी, सिरगिट्टी में शाम 4 बजे से आयोजित किया गया। परिचर्चा में उद्योगपति अरुण अग्रवाल, हरीश केडिया, राहुल छुगानी, राम सुखीजा, सतीश कुमार शाह, अंकुर अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, प्रकाश त्रिवेदी, चंद्रशेखर नायक, हनुमान अग्रवाल, शरद सक्सेना, अनिल सलूजा इत्यादि शामिल हुए ।




सिरगिट्टी में आयोजित परिचर्चा के दौरान उपस्थित उद्योगपति व अन्य।

### टेक्नालॉजी सेंटर का लाभ लोगों को मिलेः केडिया

लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि एमएसएमई टेक्नोलाजी सेंटर की स्थापना तक इस तरह की परिचर्चा होती रहे। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सेंटर में ट्रेनिंग प्रोग्राम और मशीन की स्थापना इस प्रकार हो कि स्थानीय और आसपास के उद्योगों को उसका फायदा पहुंचे साथ ही सेंटर में बड़े विश्वसनीय टेस्टिंग लैब की स्थापना हो ।

### जिले व आसपास के उद्योगों को मिलेगा लाभः सलूजा

परिचर्चा में अनिल सलूजा ने कहा दुर्ग के बाद छत्तीसगढ़ में ये दूसरा टेक्नोलॉजी सेंटर है। इस सेंटर के खुलने से बिलासपुर जिले के उद्योगपतियों के अलावा कोरबा अंबिकापुर जांजगीर चांपा मुंगेली जहां के उद्योगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इससे सभी लघु उद्योगपतियों को बेहतर सुविधा और लाभ पहुंच सके, इसके लिए जिला उद्योग संघ आगे भी प्रयास करता रहेगा।

---

- अभा संत समिति, धर्म समाज, विश्व हिंदू परिषद ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात
- संत समिति की मांगों को पूरा करने सीएम ने दिया आश्वासन

# छत्तीसगढ़ में संस्कृति और धर्म को बढ़ावा देने मठ-मंदिर की जमीन का पंजीयन हो

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ में संस्कृति एवं धर्म को बढ़ावा देने अभा संत समिति, धर्म समाज, विश्व हिंदू परिषद ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। संत समिति ने प्रदेश के मठ-मंदिरों की जमीन का पंजीयन कराने सहित अन्य मांगे सीएम के समक्ष रखी।

मुलाकात करने वालों में अभा संत समिति के संयुक्त मंत्री छग सरकार के राजकीय अतिथि महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा इंदौर, अभा संत समिति धर्म समाज छग के प्रमुख आचार्य डॉ दिनेश महाराज पीतांबरा पीठाधीश्वर बिलासपुर, अभा संत समिति छत्तीसगढ़ अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी सर्वेश्वरा दास महाराज, अभा संत समिति के राष्ट्रीय मंत्री स्वामी नरेंद्र दास महाराज राजनादगांव, विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के मंत्री विभूति भूषण पांडे, अभा संत समिति छत्तीसगढ़ के महामंत्री राधेश्याम महाराज, महंत वेद प्रकाशाचार्य महाराज रायपुर मौजूद थे। अभा संत समिति ने मुख्यमंत्री श्री साय को दिए ज्ञापन में कहा कि अभा संत समिति छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा निरंतर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार तथा संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें संत समाज अपने दायित्व का निर्वहन करने में संघर्षरत है। संत समाज सनातन की समर्थक भाजपा सरकार की सदैव मंगलाकाक्षी रही है। संत समिति ने श्री साय से कहा कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ संत समाज की कुछ मांगे हैं, जिसमें प्रदेश के मठ मंदिर के जमीन का पंजीयन हो, धान की खरीदी विधिवत हो, बोनस राशि भी दी जाए। छग शासन द्वारा आयोग संस्कृति एवं धर्म आयोग, गौ सेवा आयोग, योग आयोग,संस्कृत बोर्ड, हिंदी भाषा आयोग, पर्यटन आयोग आदि में संतों को यथावत स्थान देने पर सरकार विचार करें। छग राज्य में मठ मंदिर एवं मंदिर की जमीन को शासन के प्रबंधन से मुक्त कराने के लिए सरकार पहल करे। मंदिरों के पुजारी को मासिक सम्मान निधि सरकार की ओर से दिया जाए।




समिति ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि प्रदेश के सभी आश्रमों में सोलर पैनल लगाकर विद्युत की व्यवस्था की जाए । संत समिति ने मुख्यमंत्री से कहा कि सड़कों पर विचरण करते मवेशियों के लिए उपयुक्त व्यवस्था सरकार एवं जिला प्रशासन की ओर से की जानी चाहिए, ताकि गौ माता को क्षति ना हो और दुर्घटना को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि अखिल भारतीय संत समिति की मांगों पर सरकार गंभीरता से विचार करेगी।

---

**यूजी फर्स्ट इयर में हायर गया कटऑफ**

# एडमिशन की पहली लिस्ट में कहीं 80 तो कहीं 90% कटऑफ

- कालेजों में शाम तक लिस्ट जारी करने कवायद चलती रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन रजिस्ट्रेशन की लिस्ट भेजे जाने के बाद कालेजों में गुरुवार को एडमिशन के लिए मेरिट आधार पर लिस्ट जारी हुई और कई कालेजों में शाम तक लिस्ट जारी करने कवायद चलती रही। यूजी फर्स्ट ईयर फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के लिए इस बार काफी हायर कटऑफ गया है। गवर्नमेंट साइंस कालेज में बीएससी में 92 प्रतिशत से अधिक तो जीडीसी व जेपी वर्मा कालेज में 80 प्रतिशत से ऊपर तथा बीकाम में लगभग 80 एवं बीए में 70 प्रतिशत के आसपास कटऑफ गया है।

सभी कालेजों में आज पूरे दिन एडमिशन के पहली लिस्ट निकालने स्टाफ माथा-पच्ची करने में लगे रहे और अधिकांश कालेजों में शाम तक पहली लिस्ट फाइनल हुई उसके बाद ही कालेजों के नोटिस बोर्ड में लिस्ट चस्पा की गई। शहर के गवर्नमेंट साइंस कालेज, बिलासा गर्ल्स डिग्री कालेज, जेपी वर्मा कालेज, सीएमडी, डीपी विप्र आदि कालेजों में एडमिशन की पहली लिस्ट मेरिट आधार पर निकालने कवायद चलती रही और सभी आट्र्स, कामर्स व साइंस सभी संकायों के स्टाफ इस काम में लगे रहे। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा 18 जून से अपने पोर्टल में यूजी फर्स्ट ईयर के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ किया गया था और 3 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कराया गया। इसमें लगभग 29 हजार फ्रेशर स्टूडेंट्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके बाद यूनिवर्सिटी द्वारा संबंधित कालेजों को आनलाइन लिस्ट भेज दी गई और इस लिस्ट से मेरिट आधार पर लिस्ट तैयार कर जारी किया गया। इस पहली लिस्ट में जनरल कैटेगरी में कटऑफ काफी हायर गया है और साइंस ग्रुप में 90 प्रतिशत से ऊपर तक कटऑफ चला गया है, जबकि कामर्स में 80 प्रतिशत एवं आटर्स में 70 प्रतिशत के आसपास कटऑफ गया है। ओबीसी व एससी-एसटी कैटेगरी में कटऑफ इससे नीचे गया है।

### रिजर्व कैटेगरी में थोड़ा कम गया कटऑफ

आरक्षित वर्ग ओबीसी सहित एससी-एसटी कैटेगरी में पहली लिस्ट में हाई कटऑफ देखने को मिला है। गवर्नमेंट साइंस कालेज में बीएससी पीसीएम में पिछड़ा वर्ग 81.4, एससी 75, एसटी 59.6 प्रतिशत गया। बिलासा गर्ल्स कालेज में बीएससी में ओबीसी 79, एससी 72, एसटी 56.2 और बीकाम में ओबीसी 73, एससी 62.2, एसटी 45.6 प्रतिशत गया। गवर्नमेंट जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज में बीए में ओबीसी में 69.2, एसटी 52.43, एससी 65.8 तथा बीकाम में क्रमशः 79.4, 54.2 व 75 प्रतिशत कटऑफ गया है। इसी तरह आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज में बीएससी में ओबीसी 77 प्रतिशत, एससी 57, एसटी 72 और बीकाम में ओबीसी 81.2, एसटी 57, एससी 74 प्रतिशत से ऊपर कटऑफ रहा है।

### कटऑफ जनरल से काफी कम रहा

पिछले साल भी शहर के प्रमुख कालेजों में पहली लिस्ट में साइंस, आट्र्स, कामर्स तीनों संकायों में काफी हाई कटऑफ गया था। यहां तक बीए में 70 प्रतिशत से अधिक, बीकाम में 80 प्रतिशत से अधिक और बीएससी में कहीं 90 प्रतिशत के आसपास तो कहीं उससे ऊपर कटऑफ जनरल कैटेगरी में गया। वहीं ओबीसी, एससी-एसटी में कटऑफ जनरल से काफी कम रहा।

### जारी की गई है लिस्ट

यूनिवर्सिटी से लिस्ट मिलने के बाद कालेज में आज मेरिट आधार पर एडमिशन के लिए पहली लिस्ट निकाल दी गई है। इस लिस्ट के अनुसार छात्र-छात्राओं को फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन दिया जाएगा।

**-एसएल निराला**
प्राचार्य, जेपी वर्मा कालेज

---

**58 हजार 736 आवासों पर है गैर कर्मियों का कब्जा**

# एसईसीएल में गैर व सेवानिवृत्त कर्मियों का मकानों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर/कोरबा

एसईसीएल के आवासों में गैर कर्मियों (बाहरी लोगों) द्वारा कब्जा किए गए विभागीय आवासों की तादाद अच्छी खासी है। एसईसीएल के 9 हजार 56 आवासों में बाहरी लोगों ने कब्जा जमाया हुआ है। वहीं 4 हजार 162 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है। यही वजह है कि कई कोल कर्मियों को विभागीय आवास का आबंटन नहीं हो सका है। ऐसे में उन कोल कर्मियों को रेंट पर आवास लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया व उसकी अनुषंगी कोल कंपनियों के 58 हजार 736 आवासों पर गैरकर्मियों यानी बाहरी लोगों का कब्जा है, जबकि 14 हजार 575 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मचारियों ने कब्जा कर लिया है। इसका खुलासा हाल ही में जारी कंपनी की एक रिपोर्ट में हुआ है। कोल इंडिया से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक अवैध कब्जा कोल इंडिया की सहायक कंपनी सीसीएल के आवासों पर है। इसमें 19 हजार 591 आवासों पर गैर कर्मी व 2 हजार 618 आवासों पर सेवानिवृत्त कर्मी रह रहे हैं। वहीं बीसीसीएल के 8 हजार 403 आवासों पर सिर्फ बाहरी लोगों का कब्जा है। रिपोर्ट में बीसीसीएल के आवासों पर कितने सेवानिवृत्त कोल कर्मियों का कब्जा है, इसका जिक्र नहीं है। वहीं बीसीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा कब्जा किए आवासों की तादाद अच्छी खासी है। इसीएल के लगभग 15 हजार 498 आवासों पर बाहरी व 1504 आवासों पर सेवानिवृत्त कोल कर्मियों का कब्जा है। एमसीएल में बाहरी लोगों का 1384 व सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 287, एनसीएल में बाहरी का 160 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 130, एसइसीएल में गैर कर्मियों का 9 हजार 56 व सेवानिवृत्त कर्मियों का 4 हजार 162 मकानों पर कब्जा है। सीएमपीडीआई में गैर कर्मियों का 11 व एनइसी के 17 आवासों पर कंपनी के सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है।

### कोल इंडिया मुख्यालय के एक भी आवास पर कब्जा नहीं



कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता की बात करें तो कंपनी के एक भी आवास पर किसी का कोई कब्जा नहीं है। कोल इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक कोल कंपनियों ने आधिकारिक रूप से अन्य को कुल 8 हजार 349 आवास आवंटित किये हैं। लंबे समय से सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को कोल कंपनियों से सरप्लस आवास लीज या किराए पर देने की मांग होती रही है। इसे लेकर कोल इंडिया प्रबंधन ने एक समिति बनायी है, इसकी बैठक पिछले महीने हुई थी। इसमें प्रबंधन द्वारा पेश किये गये आंकड़ों पर यूनियनों द्वारा आपत्ति जताने के बाद प्रबंधन ने अगली बैठक में तथ्यात्मक आंकड़े प्रस्तुत करने की बात कही है। सूचना के मुताबिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास आवंटित को गठित कमेटी की दूसरी बैठक इसी माह होने की संभावना है।

---

### विपश्यना केंद्र में ध्यान शिविर 14 से

**बिलासपुर**। धम्मगढ़ विपश्यना ध्यान केंद्र भरारी व्हाया मोहनभाठा में 14 जुलाई से 10 दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 25 जुलाई को होगा। शिविर का संचालन छत्तीसगढ़ में स्थित विपश्ना ध्यान केन्द्रों के केन्द्र आचार्य सीताराम साहू करेंगे। शिविर में विपश्यना ध्यान की शिक्षा निःशुल्क है। 20 वर्ष से अधिक उम्र के इच्छुक व्यक्ति शिविर में शामिल हो सकते हैं। धम्मगढ़ विपश्यना ध्यान केन्द्र भरारी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का ध्यान कक्ष एवं शून्यागार है। दस दिवसीय पाठ्यक्रम विपश्यना ध्यान के लिए एक प्रारंभिक पाठ्यक्रम है। साधना संबंधी कठिनाई के लिए संचालक आचार्य से बात कर सकते हैं अथवा व्यवस्था संबंधी कठिनाई के लिए व्यवस्थापकों से चर्चा कर सकते हैं। साधना के दसवें दिन 9 से 10 बजे की आर्य मौन समाप्त हो जाता है।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा

**बिलासपुर**। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कामों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर इसे समय सीमा में पूर्ण करने कहा। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, एडीशनल सीईओ वंदना गवेल, परियोजना अधिकारी रिमन सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी कामों को गुणवत्ता के साथ कार्ययोजना बनाकर जल्द पूरा करने कहा।

4- JULY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 7/5/2024 12:33 AM Page 1

हरिभूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024
लाइव
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



*मानसून की दस्तक के साथ ही मार्केट में रेनकोट व छातों की डिमांड बढ़ गई है। डिजाइनर छाते हर किसी को लुभा रहे हैं, इसमें पॉपुलर कार्टून केरैक्टर रेनकोट से लेकर कलरफुल अम्ब्रेला लोगों को खासे पसंद आ रहे हैं। कान वाला मिक्की माउस और डोरेमोन अम्ब्रेला बच्चों की पहली पसंद बना हुआ है। वहीं युवाओं को फ्लावर, लहरिया प्रिंट व आर्मी प्रिंट का अम्ब्रेला खूब भा रहा है।*

# कलरफुल अम्ब्रेला और कार्टून रेनकोट बच्चों को खूब आ रहे पसंद

### मार्केट में छाते और रेनकोट की कई वेराइटी

**बिलासपुर।** गोलबाजार व्यापारी रोशन गुप्ता ने बताया कि वह जमाना अलग था जब बारिश से बचने के लिए लोगों के पास अम्ब्रेला और रेनकोट में कोई च्वाइस नहीं रहती थी, लेकिन अब ट्रेंड बदल गया है। रेनकोट व छाते कलरफुल हो गए हैं, फैशन के इस दौर में मार्केट में कलरफुल अम्ब्रैला और रैनकोट की बहार देखने को मिल रही है। अब मार्केट में विभिन्न कंपनी के अम्ब्रेला व रेनकोट लोगों को खूब भा रहे हैं। यह न केवल बारिश से बचाव कर रहे हैं, बल्कि इसे पहनने से सामान्य कपड़ों की तरह लग रहा है।





### चार सौ से चार हजार तक के फैमली अम्ब्रेला

व्यापारी रमेश अग्रवाल ने बताया कि समय की मांग के अनुसार फैमली छाते की भी मांग बढी है, यह छाता सामान्य छाते से बड़ा होता है,इसमें फैमली के दो से तीन सदस्य आसानी से आ जाते है, यह 400 रूपए से लेकर चार हजार रूपए तक कंपनी के अनुसार उपलब्ध है। जिसे छोटी फैमली के लोग अधिक पसंद कर रहे है। एंग्री बर्ड्स की डिमांड व्यापारी किशोर हर्जपाल ने बताया कि गेम्स से निकलकर स्टेशनरीज और डिफरेंट एसेसरीज के बाद एंग्री बर्ड्स अब छातों पर भी नजर आने लगे हैं। बच्चों के अलावा इन्हें यंग गर्ल्स भी पसंद कर रही हैं। मिक्की माउस व डोरेमोन प्रिंट के छातों की भी इन दिनों डिमाण्ड है। मल्टी कलर्ड और प्रिंटेड अम्ब्रेला व्यापारी तरूण कछवाहा ने बताया कि सिंगल और मल्टी कलर अम्ब्रेला भी इन दिनों ट्रैंड में है, इनमें रैनबो स्टाइल, लैपर्ड प्रिंट और इनर आउटर, डबल प्रिंट के अलावा फ्लोरल प्रिंट, सतरंगी की भी डिमांड है। प्रोफेशनल की प्रिफरेंस में ऐसे छाते शामिल हैं। लोगों में कलरफुल छातों की डिमांड है। इस बार अम्ब्रेला में कई वैरायटी उपलब्ध है।डेढ़ सौ से लेकर दस हजार तक की तालपतरीव्यापारी अजय पंजवानी ने बताया कि मार्केट में इस बार डेढ़ सौ से लेकर दस हजार तक की तालपतरी अलग-अलग साइज व कंपनी के हिसाब से बिक रही है। लोग इसे घर, व्यापार व कृषि कार्यों के लिए खरीद रहे हैं। तालपतरी बारिश में छोटे से बड़े जगह तक को पानी से बचाव करती है।

## सम्मान

### लायंस क्लब वसुंधरा ने किया डाक्टरों का सम्मान




**बिलासपुर।** लायंस क्लब वसुंधरा ने शहर के डाक्टरों का सम्मान किया। इसमें संजीवनी हास्पिटल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ संजना तिवारी का शॉल बुके, श्रीफल देकर सम्मान किया। साथ ही बादाम का पौधा भी भेंट में दिया गया। ए लाइट अस्पताल में हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ केके तिवारी, डॉ भांजा सहित अन्य चार डाक्टरों का सम्मान किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी, सचिव, कोषाध्यक्ष अर्चना तिवारी, उपाध्यक्ष मंगला कदम, चांदनी सक्सेना, सह कोषाध्यक्ष सुधा परिहार, उषा मुदलियार, विनिता मिश्रा, मंजू मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं। अंत में मानव सेवा को समर्पित डाक्टरों ने सभी लायन साथियों को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि लायंस क्लब वसुंधरा द्वारा हर वर्ष डाक्टर्स डे पर उन डाक्टरों का सम्मान किया जाता है जो पीड़ित मानवता सेवा के लिए समर्पित रहते हैं। लायन सदस्य वर्ष भर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

**बादाम के पौधे किए गए भेंट**

## शिविर

### सर्दी, खांसी, ब्लड प्रेशर मधुमेह व मौसमी बीमारी का हुआ उपचार



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन चांटीडीह में किया गया। जिले के श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखंड के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सर्दी, खांसी, खुजली, ब्लड प्रेशर, मधुमेह व मौसमी बीमारी का उपचार कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया। शिविर का लगभग 260 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ शिखर पाटनवार, डॉ एल पी देवांगन, बबिता दत्ता, सैल पांडे, डॉ एल पी देवांगन ने अपनी सेवाएं दी और वार्ड में फैलने वाली मौसमी बीमारी से बचने लोगों को उपाए बताए। इस अवसर पर मुख्य रूप से विहिप बजरंगदल संगठन से विभाग सह संयोजक अंकुश सिंह,विभाग धर्म प्रसार प्रमुख प्रमोद कश्यप, जिला मंत्री राजीव अग्रवाल एवं जिला संयोजक रूपेश शुक्ला की उपस्थिति रही। अध्यक्ष गौरव धनकर,प्रखंड मंत्री दिलीप साहू एवं प्रखण्ड संयोजन कन्हैया साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

**लोगों ने शिविर का उठाय लाभ**

## आयोजन

### संत नामदेव ने पंढरपुर में परिवार के 13 सदस्यों के साथ ली थी समाधि



**बिलासपुर।** संत शिरोमणि नामदेव महाराज के महा परिनिर्वाण दिवस पर नामदेव समाज ने बुधवार को संत नामदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती एवं पूजन किया। इस दौरान बताया गया कि संत शिरोमणि नामदेव ने पंढरपुर में परिवार के 13 सदस्यों के साथ समाधि ली थी।

नामदेव समाज के प्रमुख श्री नामदेव फाउंडेशन के संरक्षक ज्वाला प्रसाद नामदेव, शिव शंकर वर्मा, शिवकुमार वर्मा, जगन्नाथ प्रसाद नामदेव सहित नामदेव समाज के प्रमुखों ने गोंड पारा स्थित दर्जी मंदिर में संत नामदेव की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। नूतन चौक सरकंडा स्थित संत नामदेव भवन में संत नामदेव ,रुक्मिणी देवी तथा विट्ठल भगवान की पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई। श्री नामदेव फाउंडेशन के संरक्षक शिव शंकर वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। इस अवसर पर नामदेव समाज के ज्वाला प्रसाद नामदेव, शिव शंकर, शिवकुमार वर्मा, एनपी नामदेव, कमल वर्मा, जगन्नाथ प्रसाद नामदेव, कैलाश चंद्र वर्मा, राजकुमार चौधरी, हेमंत, उमेश आदि लोग उपस्थित थे।

**महा परिनिर्वाण दिवस पर पूजा अर्चना**

#### शरीर को किया था त्याग

कार्यक्रम में नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली के कार्यकारी अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद नामदेव ने शिरोमणि नामदेव महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि संत शिरोमणि नामदेव का जन्म 1250 में हुआ था और 3 जुलाई 1350 को संत नामदेव ने महाराष्ट्र के पंढरपुर में अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ एक साथ समाधि ली थी। शिव शंकर व शिवकुमार वर्मा ने बताया कि इस भारत भूमि में अनेक संत महात्मा हुए उसमें श्री संत शिरोमणि नामदेव का भी जन्म हुआ। वे प्रभु विट्ठल के भक्ति भाव में विभोर हो गए और पूरे परिवार के साथ समाधि ली। संत नामदेव जब 80 वर्ष के हुए तब उनको ऐसा आभास हुआ कि हमें अपने शरीर को त्याग करना चाहिए इसलिए वह भगवान विट्ठल के पास गए और विनती की।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए पौधे

### चेतना मित्रों की रही सहभागिता विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत शहर के अनेक स्थानों में पौधे लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के नेतृत्व में हेमूनगर स्थित बंधुआ तालाब, इशिका पार्क में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। 4 सौ पौधे पूरे पार्क के किनारे लगाए गए।

इस पौधरोपण अभियान में सभी चेतना मित्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाज सेवियों, एनसीसी एवं युवोदय के विद्यार्थियों ने भी पेड़ लगाए। इस दौरान एसपी श्री सिंह ने बिलासपुर वासियों से अपील की कि एक पेड़ मां के नाम एवं चेतना अभियान के तहत अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं एवं पर्यावरण को संरक्षित एवं सुरक्षित रखें।

इस मौके पर नगर निगम जोन कमिश्नर खजांची कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, उमेश कश्यप, अर्चना झा, जोनल एसपी दीपमाला कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, उप पुलिस अधीक्षक मंजू लता केरकेट्टा, थाना प्रभारी तोरवा राहुल तिवारी, कार्यक्रम के आयोजक अंचल उपाध्याय, शिशिर शुक्ला, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख, चेतना मित्र, एनसीसी व युवोदय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**बिलासपुर**

### बहतराई में पौधरोपण कर बच्चों को वितरित की गई सामग्री



लायंस क्लब बिलासपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहतराई अटल आवास के सामने वृहद वृक्षारोपण किया गया।

सतवंत, नीम, बरगद, गुलमोहर, अमरूद, आम, सीताफल सहित 50 पौधे लगाए गए। साथ ही बच्चों को 80 जोड़ी जूते, 36 छाते, 25 रेनकोट, 40 बस्ते, नाश्ता, टाफियां प्रदान की गई। पौधरोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश कुमार कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, अति विशिष्ट अतिथि अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, गेस्ट ऑफ ऑनर नीरज चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, विशिष्ट अतिथि पूजा कुमार, उमेश गुप्ता थे। कार्यक्रम संचालक लायन मनजीत अरोरा ने बताया कि लायंस क्लब बिलासपुर मानव सेवा को समर्पित है। इस क्लब द्वारा वर्षो से निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य समिति चिपड़े, अध्यक्ष शैलेश बाजपेई, मुकेश महलवाला, नरेश लेखमनिया, पीडीजी प्रितपाल सिंह बाली, रीजन चेयर परसन अरविंद दीक्षित, अनिल सलूजा, गुरमीत सिंह गंभीर, भूपेंद्र गांधी, दौलत खत्री, शिव अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, परमजीत सलूजा, विमल केडिया, असित पाल जुनेजा, दर्शन छाबड़ा, सीएजीएम श्री गुप्ता, रामू स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

## मानसून में खान-पान पर बरतें सावधानी वरना पड़ सकते हैं मुश्किल में

**इस मौसम में क्या खाएं और क्या नहीं, इसे लेकर सचेत रहना जरूरी**

**बिलासपुर।** देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की शुरुआत हो चुकी है। ये मौसम भीषण गर्मी से राहत दिलाने वाला माना जाता है, पर मानसून अपने साथ कई प्रकार की बीमारियों को लेकर भी आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मानसून के दौरान सेहत के लेकर विशेष सावधानी बरतनी जरूरी है। क्या खाएं-क्या नहीं इस बात को लेकर अलर्ट रहने की जरूरत है। खान-पान में बरती गई असावधानी फूड पॉइजनिंग जैसी पाचन से संबंधित दिक्कतों का कारण बन सकती है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, मानसून के दिनों में डायरिया, कब्ज और अपच जैसी पाचन स्वास्थ्य से संबंधित जटिलताओं का खतरा बढ़ जाता है। फूड पॉइजनिंग से बचाव को लेकर उपाय करते रहना जरूरी है। आइए जानते हैं, मानसून में पाचन संबंधित समस्याएं क्यों बढ़ जाती हैं और इसस बचाव के लिए आहार संबंधित किन बातों पर ध्यान देना जरूरी है।

#### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

सीनियर कंसल्टेंट डॉ बताते हैं कि बरसात के दिनों में सब्जियों-फलों को अच्छी तरह से धोकर और साफ करके ही खाना चाहिए। मानसून में बाहर खाने-पीने से बचना चाहिए। स्ट्रीट फूड, ज्यादा तेल वाली चीजें पाचन स्वास्थ्य के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

#### मानसून में फूड पॉइजनिंग का खतरा

फूड पॉइजनिंग बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी से दूषित खाद्य या पेय पदार्थों के कारण होने वाली समस्या है। आहार विशेषज्ञ ने कहा कि गर्मियों से लेकर मानसून तक का समय कई प्रकार के संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ाने वाला माना जाता है। इस दौरान खाद्य जनित संक्रमण का जोखिम सबसे अधिक देखा जाता है जिसके कारण फूड पॉइजनिंग हो सकती है। मानसून के दौरान खुले में या लंबे समय तक रखे गए भोजन में हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं जिससे पाचन स्वास्थ्य से संबंधित दिक्कतों का खतरा हो सकता है।

**चेतना विरूद्ध साइबर फ्रॉड के द्वितीय चरण में 'साइबर की पाठशाला' का आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

# ऑनलाइन ठगी और साइबर क्राइम से जागरूक रहेंगे तो हो पाएंगे सुरक्षित

*इंटरनेट जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, जहां इंटरनेट के कई फायदे हैं, वहीं इसके कई जोखिम भी हैं। सबसे बड़े खतरों में से एक साइबर क्राइम है, साइबर अपराध कंप्यूटर या इंटरनेट का उपयोग करके किया जाता है। जितना ज़्यादा कोई आपके बारे में जानता है, उतना ही उसके लिए आपके अकाउंट तक पहुँच पाना आसान होता है।*

**बिलासपुर।** उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन में आयोजित बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा चलाए जा रहे चेतना विरूद्ध साइबर फ्रॉड के द्वितीय चरण में "साइबर की पाठशाला" कार्यक्रम में तारबाहर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कहा।

उन्होंने बताया कि साइबर फ्रॉड ऑनलाइन अपराध है, जो इंटरनेट या डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके किया जाता है। इसमें ऑनलाइन धोखाधड़ी, चोरी आदि अपराध शामिल होते हैं। भारत में बहुत से लोग इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों के प्रयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में पूरी तरह से जागरूक नहीं हैं। आप अपने सोशल मीडिया सेटिंग को निजी रखकर अपनी निजी जानकारी की सुरक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा, ऑनलाइन या फ़ोन पर आप जो कुछ भी शेयर करते हैं, उसके बारे में सावधान रहें। इस दौरान तारबाहर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, बैंक मैनेजर पंकज चौरसिया, राजयोग भवन सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी, इंजीनियर रेल्वे सुनील सोनकुसरे, पूर्व अध्यक्ष नानक माखीजा, ब्रह्माकुमार भाई-बहनें एवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने विधिपूर्वक दीप प्रज्वलन कर साइबर की पाठशाला का शुभारंभ किया।




#### सोशल मीडिया से निजी जानकारी हो रही शेयर

साइबर खतरों तथा साइबर सुरक्षा पद्धतियों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण व्यक्ति और व्यवसाय, साइबर हमलों के अधिक शिकार हो जाते हैं। साइबर अपराध एक गंभीर खतरा है जो लगातार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे हम अधिक से अधिक व्यावसायिक और व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन साझा करते हैं, अपराधी उस डेटा को चुराने और अवैध उद्देश्यों और वित्तीय लाभ के लिए उपयोग करने के नए तरीके खोजते हैं। सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल न करें। अनचाहे या अंजान स्त्रोत से आए किसी लिंक पर क्लिक न करें।

#### पुलिस को जानकारी तत्काल दें

राजयोग भवन सेवा केंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि किसी भी साइबर फ्रॉड के शिकार होने का मूल कारण किसी न किसी प्रकार का लालच, डर और जागरूकता की कमी है। जिस कारण लोग साइबर क्राइम में फंस रहे हैं। भूल से भी कोई अनजान लिंक शेयर नहीं करना चाहिए। इसके बाद भी कोई भूल हो जाती है तो अपने परिवार के सदस्यों या पुलिस के पास जाने में देरी नहीं करनी चाहिए। अपराध की घटनाओं को किसी भी कारण से नहीं छिपाना चाहिए। सोशल मीडिया पर होने वाले अपराध से बचने के लिए अनजान फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करें।



# कटप्पा ने शुरू की सलमान की 'सिकंदर' की शूटिंग...

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म में 'बाहुबली' के कटप्पा यानी एक्टर सत्यराज भी नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि वे इसमें खलनायक का किरदार अदा करेंगे। उन्होंने भी शूटिंग शुरू कर दी है। सेट से निर्माताओं ने सत्यराज के साथ तस्वीरें साझा की हैं। इसके अलावा प्रतीब बब्बर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मेकर्स ने प्रतीक और सत्यराज दोनों का सेट पर स्वागत किया है। इस फिल्म का निर्देशन दक्षिण के लोकप्रिय निर्देशक एआर मुरुगडस कर रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा की गई है। इसमें तीन तस्वीरे हैं।

लाइफ Style



# दीपिका

## 'विपरीत करणी' आसन के बताए फायदे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री दीपिका पादुकोण जल्द ही मां बनने वाली हैं। वे गर्भवती हैं और गर्भावस्था का सातवां महीना चल रहा है। इस दौरान वे सोशल मीडिया पर भी पहले से अधिक सक्रिय हैं और अपनी दिनचर्या के बारे में फैंस के साथ जानकारी साझा करती नजर आ रही हैं।

दीपिका ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा की है, जिसे देख लोग हैरान हैं। अभिनेत्री वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, वह भी ऐसा आसन, जिसे गर्भावस्था में करना शायद लोग ठीक न मानें! लेकिन, दीपिका ने इसके फायदों से रूबरू कराया है। हालांकि, जब मैं कसरत नहीं कर पाती तो मैं इस सरल आसन का अभ्यास पांच मिनट जरूर करती हूं। मैं इसे हर दिन करती हूं, चाहे मैं कसरत करूं या नहीं। खासकर फ्लाइट से यात्रा करने के बाद या यूं ही तनाव कम करने के मामले में यह आसन बहुत ही उपयोगी है। आप भी मेरे साथ डेली सेल्फ केयर प्रैक्टिस से जुड़ सकते हैं। विपरीत करणी आसन में पीठ के बल लेटकर पैरों को दीवार के सपोर्ट से ऊपर उठाकर सीधा रखा जाता है। दीपिका ने लिखा, 'संस्कृति में 'विपरीत' का अर्थ है 'उलटा' और 'करणी' का अर्थ है 'कार्रवाई में'। अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'दीवार के सहारे अपने पैरों को ऊपर करके लेटने से आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है। नर्वस सिस्टम ठीक से काम करता है, और इम्यूनिटी बढ़ती है। दीपिका ने आगे लिखा कि यह प्राचीन आसन बहुत लाभकारी है, खासकर हमारी तनावपूर्ण और व्यस्त दुनिया में यह बेहद मददगार है'।

हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल के किरदार को लेकर डर था

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता रयान रेनॉल्ड्स फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में डेडपूल की अपनी भूमिका को फिर से निभाते हुए नजर आएंगे। डिज्नी और फॉक्स के विलय के कारण अभिनेता को लगा था कि वह फिर से सुपरहीरो की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। डेडपूल और वूल्वरिन 26 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में बताया कि उन्हें डेडपूल की ड्रेस दोबारा न पहनने का डर क्यों था। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि ऐसा किरदार एमसीयू में कैसे फिट होगा।




# ह्यू जैकमैन ने की केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ

**लॉस एंजिलिस।** ह्यू जैकमैन ने फिल्म एक्स मेन के लिए ऑडिशन दिया था। उनका वो ऑडिशन काफी खराब गया था। उन्होंने हाल में इस ऑडिशन को याद करते हुए केविन फीगे के व्यवहार की तारीफ की है। हॉलीवुड अभिनेता ह्यू जैकमैन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसमें वह रयान रेनॉल्ड्स के साथ स्क्रीन साझा करते हुए दिखाई देंगे। ह्यू जैकमैन ने कई बार स्क्रीन पर वॉल्वरिन बनकर दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। मगर अब ये कल्पना करना वाकई काफी मुश्किल होगा कि ह्यू जैकमैन मार्वल फिल्मों में वॉल्वरिन का किरदार निभाएं। हालांकि ऐसा कुछ तय नहीं हुआ था। मगर उन्होंने मार्वल स्टूडियो की फिल्म के लिए एक बार ऑडिशन दिया था।



# साझा की शादी की नई झलकियां...

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड, फिटनेस ट्रेनर नुपुर शिखरे के साथ एक भव्य समारोह में शादी कर ली है। हाल ही में. एक इंस्टाग्राम पोस्ट में, आयरा ने अपनी शादी के जश्न के कुछ सबसे प्यारे पलों को साझा किया है और उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त की जिन्होंने उनकी शादी की प्लानिंग अच्छे से की। आयरा ने इस अनुभव को दोबारा जीने की इच्छा व्यक्त की और कहा कि यदि वे कभी ऐसा दोबारा करेंगे तो वे चाहेंगी कि इसमें वही लोग शामिल हों, क्योंकि उनके बिना यह अनुभव वैसा नहीं होगा। आयरा के कैप्शन में लिखा था, 'मुझे नहीं लगता कि हमारा कभी इतना ख्याल रखा गया होगा। योजना और रेकी से लेकर शादी तक। सभी कर्मचारियों ने जो देखभाल, उत्साह और रुचि दिखाई, वह दिल को छू लेने वाली थी।'




# ओटीटी पर धूम मचाने को तैयार श्रीकांत

**मुंबई।** राजकुमार राव, अलाया एफ और ज्योतिका अभिनीत फिल्म 'श्रीकांत' ने सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही लोगों का खूब दिल जीता है। प्रशंसक दृष्टिहीन श्रीकांत बोला के रूप में राजकुमार राव की प्रशंसा कर रहे हैं। अगर दर्शक इस मास्टरपीस को सिनेमाघरों में देखने से चूक गए हैं तो अब उन दर्शकों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। फिल्म अब ओटीटी पर भी धूम मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जिसकी आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद 'श्रीकांत' अपने ओटीटी प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है। नेटफ्लिक्स इस साल मई में रिलीज होने के बाद 5 जुलाई को राजकुमार राव अभिनीत फिल्म को रिलीज करेगा। बायोपिक बोलंट इंडस्ट्रीज के संस्थापक और दृष्टिबाधित उद्यमी श्रीकांत बोला की कहानी है।

टीवी मसाला




# हिना खान को एकता कपूर ने बताया 'हीरो'

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में खुलासा किया था कि उन्हें स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक लंबा नोट शेयर कर सभी को बताया कि वह तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर का इलाज करा रही हैं। उनके बताने के बाद से ही उन्हें इंडस्ट्री में उनके दोस्तों और फैंस का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने उन्हें 'फाइटर' कहा था और अब एकता कपूर ने इंस्टाग्राम पर हिना खान को अपना 'हीरो' बताया है। एकता ने हिना खान के लिए पोस्ट शेयर किया और एक्ट्रेस की वीडियो लगाकर उसमें कैप्शन में उन्हें 'मेरी हीरो' कहा है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हिना खान का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस कैंसर का पता चलने के बावजूद एक अवॉर्ड नाइट में शिरकत करती नजर आ रही हैं। एकता ने एक लिखा- 'स्टार, सुपरस्टार!!!! सच में मेरी हीरो हिना खान।' अब हिना खान ने एकता कपूर को थैंक्स बोलते हुए कहा, 'एक असली क्वीन दूसरों को हिम्मत देती है और जब से आपको पता चला है तब से आप मुझे हिम्मत दे रहे हो। जिस तरह से आप मेरा ध्यान रखते हैं उससे और मुझे ताकत मिलती है। एकता कपूर, लव यू।'


## 'जो मैं कर चुकी हूं, वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं'...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा लाइमलाइट में बनी रहती हैं। उनकी हर एक अदा पर फैंस कायल हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर श्वेता अपने हुस्न का जलवा दिखाती रहती है। श्वेता तिवारी ने छोटे पर्दे पर एकता कपूर के सीरियल 'कसौटी जिंदगी से' शुरुआत की थी। इस शो मे एक्ट्रेस को खूब पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके बाद से श्वेता ने कई हिट सीरियल किए और उन्होंने अपनी घर-घर में पहचान बना ली। 'बिग बॉस' सीजन 4 की विनर रह चुकीं श्वेता तिवारी पिछले काफी समय से टीवी इंडस्ट्री से दूर हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने इसके पीछे की वजह का खुलासा किया है। टेली टॉक को दिए इंटरव्यू में श्वेता ने बताया कि, 'जो मैं कर चुकी हूं, मैं वो दोबारा नहीं करना चाहती हूं। अगर आप आज टीवी देखो तो हर चीज सेम चल रही है। मैं तो अब टीवी देखना भी पसंद नहीं करती हूं. मम्मी-पापा देखते थे तब मैं भी देखती थी, लेकिन अब टीवी में पता नहीं क्या ही जादू की तरह चीजें दिखाई जा रही हैं।



# अक्षय-राधिका की रोमांटिक केमिस्ट्री करवाएगी सरफिरा को हिट..!

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा का एक और गाना रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में आपको अक्षय कुमार और राधिका मदान की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। राधिका का महाराष्ट्रियन लुक काफी खूबसूरत लग रहा है। गाने में अक्षय राधिका को अप्रोच करते नजर आ रहे हैं। साफ है कि इनकी एक प्यारी सी लव स्टोरी फिल्म की कहानी का हिस्सा होगा। अब राधिका मदान के हाथ कितना काम लगता है ये तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही सामने आएगा। ये फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है गाने की बात करें तो इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और इसे श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज से सजाया है। अक्षय कुमार ने गाना अपने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया तो फैन्स का भी खूब प्यार मिला। ज्यादातर लोग लीड स्टार्स की केमिस्ट्री को खासा पसंद कर रहे हैं। राधिका के साथ अक्षय कुमार की पेयरिंग काफी फ्रेश लग रही है। राधिका ने भी इस तरह का रोल पहली बार ही किया है। साड़ी वाले फुल एथनिक मराठी लुक उनपर सूट कर रहा है।



वजह का अमिताभ बच्चन ने किया खुलासा

# अमजद खान से कई साल तक नफरत करते रहे अभिषेक बच्चन

**नई दिल्ली।** 80 के दौर में अमिताभ बच्चन और अमजद खान की जोड़ी ने बड़े पर्दे पर खूब धमाल मचाया था। दोनों ने शोले, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, याराना सत्ते पे सत्ता, लावारिस जैसी दर्जनों हिट फिल्में दी। किसी फिल्म में अमजद खान को सपोर्टिंग हीरो, तो किसी में निगेटिव रोल भी मिला, लेकिन बचपन में अमिताभ बच्चन के बेटे अमजद खान को बुरा आदमी समझते थे और उनसे बहुत डरते भी थे। इस बात का खुलासा खुद अमिताभ बच्चन ने संजय दत्त के सामने किया। इंस्टाग्राम पर केबीसी का एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया गया है। इस वीडियो में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ संजय दत्त बैठे हुए हैं और अमिताभ बच्चन अपने दौर का एक किस्सा सुना रहे हैं और बता रहे हैं कि जब मेरा बेटा अभिषेक छोटा था, तो वो मेरे दोस्त अमजद खान से बहुत नफरत करता था। उसे लगता था कि वह बड़े पर्दे पर निगेटिव रोल निभाते हैं, इसलिए बुरे आदमी हैं। एक बार जब किसी पार्टी में अमजद खान और अमिताभ बच्चन एक साथ बात कर रहे थे, तो उसे देखकर अभिषेक बहुत डर गए और उन्हें लगा कि अब यहां लड़ाई-झगड़ा होने वाला है। ये किस्सा सुनकर हॉट सीट पर बैठे संजय दत्त भी हंसने लगे।



### 70 से 80 तक खूब चली अमजद और अमिताभ की जोड़ी

अमिताभ बच्चन और अमजद खान सबसे पहले फिल्म शोले में एक साथ नजर आए थे, यह फिल्म 1975 में रिलीज हुई थी और सुपर डुपर हिट फिल्म रही थी। इसके अलावा 1977 में वह परवरिश फिल्म में नजर आए थे। 1978 में गंगा की सौगंध, 1979 में सुहाग, खून पसीना, नसीब, मुकद्दर का सिकंदर, सत्ते पे सत्ता, याराना, कालिया, मिस्टर नटवरलाल जैसी कई फिल्मों में अमिताभ बच्चन अमजद खान के साथ काम कर चुके हैं और दोनों जिगरी यार भी रहे हैं। लेकिन उनका लुक और बड़े पर्दे पर उनका किरदार देखकर अभिषेक बच्चन उनसे डरते थे।

## किसी ने झेली परिवार की नाराजगी तो किसी ने छोड़ा घर

# परिवार से बगावत कर अभिनय की दुनिया में आए ये सितारे

***नई दिल्ली।** अभिनय की चकाचौंध दुनिया में कलाकार बनने का सपना लिए कई लोग आते हैं। कई लोगों ने अपनी मेहनत के दम पर और शानदार अदाकारी के साथ अभिनय की दुनिया में अपना नाम कमाया है। आज बॉलीवुड में कई सितारों के अभिनय की तारीफ होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से कुछ सितारों को अभिनेता या अभिनेत्री बनने के लिए परिवार की नाराजगी भी झेलनी पड़ी थी। चलिए आज हम आपको बताते हैं, उन सितारों के बारे में, जिन्होंने अभिनय में अपना करियर बनाने के लिए परिवार से बगावत तक कर ली थी।*



**इरफान खान :** बॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक इरफान खान ने जब अभिनेता बनने की इच्छा जताई तो उन्हें अपने परिवार की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जयपुर के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले इरफान ने अपने जुनून को आगे बढ़ाया और रूढ़ियों से अलग हटकर काम किया। उनके असाधारण अभिनय कौशल और दमदार फिल्मों ने उन्हें सिनेमा की दुनिया में एक सम्मानित व्यक्ति बना दिया। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।



**करिश्मा कपूर :** एक प्रसिद्ध फिल्मी खानदान का हिस्सा होने के बावजूद करिश्मा कपूर को बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री प्रवेश करने के फैसले पर परिवार से विरोध मिला था। उनके पिता रणधीर कपूर का मानना था कि कपूर परिवार की किसी भी महिला ने फिल्म उद्योग में काम नहीं किया है और इसलिए वे करिश्मा के फिल्मी दुनिया में प्रवेश करने के फैसले के खिलाफ थे। अभिनेत्री ने 15 साल की छोटी उम्र से ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी।



**राधिका आप्टे :** राधिका आप्टे एक ऐसे परिवार से आती हैं, जहां उनके माता-पिता दोनों ही चिकित्सा पेशे का हिस्सा रहे हैं। उनका जन्म पुणे में हुआ था और उन्होंने अर्थशास्त्र में स्नातक किया था, लेकिन प्रदर्शन कलाओं के प्रति उनके प्रेम ने उन्हें फिल्म उद्योग में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। उनके पिता राधिका के अभिनेत्री बनने के उनके फैसले के खिलाफ थे। उनके पिता ने कथित तौर पर उनसे कहा कि यह एक दिमागहीन व्यवसाय है। हालांकि, राधिका अपने फैसले पर टिकी रहीं और अब वे बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं।



**कंगना रणौत :** कंगना रनौत इंडस्ट्री की सबसे निडर, बोल्ड और मुखर अभिनेत्रियों में से एक हैं। जब उन्होंने फिल्मों में अपना करियर शुरू किया तो उनके परिवार ने उनका विरोध किया। एक छोटे से शहर में जन्मीं कंगना का बॉलीवुड में सफर संघर्ष और विरोध से भरा रहा। उनके पिता चाहते थे कि वे डॉक्टर बनें। हालाँकि, उन्होंने फिल्म उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कम उम्र में ही घर छोड़ दिया। हालांकि, इससे उनके परिवार के साथ उनके रिश्ते खराब हो गए थे।

4- JULY -BSP- pg- 5_Layout 1 7/5/2024 12:30 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### आज करेंगे नई तीसरी लाइन का निरीक्षण

**बिलासपुर।** बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-कटनी रेलवे खंड पर स्थित बधवाबारा-घुनघुटी स्टेशनों के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन का निरीक्षण 5 जुलाई को रेलवे सुरक्षा आयुक्त करेंगे। इस दौरान हाई स्पीड रेलवे इंजन से स्पीड ट्रायल किया जाएगा। इस रेलखंड पर रेल परिचालन शुरू करने की प्रक्रिया में समय-समय पर हाई स्पीड रेल इंजन या निरीक्षण वाहन से स्पीड ट्रायल किया जा रहा है। मंडल रेलव प्रबंधक ने इन स्टेशनों के बीच नवनिर्मित तीसरी लाइन के नजदीक नहीं आने । अपने मवेशियों को रेलवे लाइन से दूर रखने तथा समपार फाटक पार करते समय सावधान रहने की अपील की है।

### अटल बाजार में पानी हो रहा जाम

**बिलासपुर।** वार्ड क्रमांक 47 मोपका चौक से तोरवा जाने वाले रास्ते में मारूती शो-रूम के पास मेन रोड पर बनाए गए अटल बाजार में निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी जाम हो रहा है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने सहित अन्य समस्या के चलते यहां रहने वाले भी परेशान हैं। यहां के निवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार 7 नंबर जोन के कमिश्नर से शिकायत की गई है, उसके बाद भी समस्या दूर नहीं हो पा रही है।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, कोनी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती वर्ष 2023 में व्यापार मेला घूमने गई थी। मेला घूमने के दौरान उनका सरकण्डा कबीर चौक निवासी सुमित साहू पिता दुष्यंत साहू 19 साल से जान पहचान हुई। उसके बाद दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। 2 मई 2023 को दुष्यंत साहू अपना जन्मदिन की पार्टी मनाने के लिए युवती को अपने घर बुलाया। पार्टी के दौरान उसने शादी करने का आश्वासन देकर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाया। उसके बाद लगातार संपर्क में रहा। युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर धारा 376, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### 10 ट्रेनों की 20 पार्सल बोगी को चलवाएंगे ठेकेदार

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों के सामानों को ट्रेनों के माध्यम से एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन भेजने के लिए पार्सल बोगी या एसएलआर की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेलवे की ये पार्सल सुविधा छोटे व्यापारियों व यात्रियों की माल ढुलाई का एकमात्र सुविधाजनक साधन है। ऐसे में अब इसका निजीकरण किया जा रहा है। अब इस पार्सल के काम को रेलवे खुद न कर ठेकेदारों के हाथों में सौपना चाहता हैं। ऐसे में अब बिलासपुर मंडल से चलने वाले 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी (एसएलआर) को लीज पर देने की तैयारी कर ली है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि छोटे/बड़े व्यापारियों को प्रतिस्पर्धी दर के साथ आईआरईपीएस की वेबसाइट पर ई-निविदा 5 जुलाई को जारी कर रही है। पार्सल बोगी लीज आबंटन की प्रक्रिया 19 जुलाई को सुबह 11 बजे से की जाएगी। इस ई-निविदा के लिए आईआरईपीएस की वेबसाइट में वे इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते हैं, जिनके पास डिजिटल सिग्नेचर यानी डीएससी है।

**इन ट्रेनों की पार्सल बोगी के लिए होगा टेंडर-** रेलवे मंडल से चलने वाली 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, 18247 बिलासपुर रीवा एक्सप्रेस, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस,12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस,18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस,18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस, 17481 बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस,11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस, 22407 अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस और 18239 कोरबा-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस सहित 10 ट्रेनों के 20 पार्सल बोगी को लीज पर देने के लिए ई-निविदा जारी की जा रही है।

# प्रदेश में सिर्फ 3 सायबर इंस्पेक्टर, हाईकोर्ट ने पूछा- कम स्टाफ में मामलों की जांच हो कैसे रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम, हाईकोर्ट ने स्टाफ की कमी दूर करने कहा

### हाईकोर्ट ने डीजीपी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगा, लंबित प्रकरणों की जानकारी मांगी

प्रदेश में सायबर क्राइम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं, बड़ी संख्या में आम लोग साइबर ठगों के शिकार हो रहे हैं। इस मामले में समाचार माध्यमों में खबर प्रकाशित होने के बाद हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इसके बाद चीफ जस्टिस की डिविजन बेंच ने जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की है। कोर्ट ने सायबर थानों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए शपथपत्र के साथ जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसमें बताया गया कि प्रदेश में सिर्फ 3 सायबर इंस्पेक्टर हैं। कोर्ट ने कहा कि इतने कम स्टाफ में मामलों की जांच और कैसे हो रही है। साइबर क्राइम के कितने प्रकरण लंबित हैं, शपथपत्र के साथ यह जानकारी देने कहा है



याचिका में बात सामने आई है कि साइबर क्राइम के मामलों को सुलझाने के लिए पुलिस जवानों को ट्रेनिंग नहीं दी जा रही है। साइबर सेल के तकनीकी स्टाफ थानों के स्टाफ को ट्रेनिंग दे सकते हैं, जिससे साइबर क्राइम से जुड़े बहुत से काम थाना स्तर पर ही सुलझाया जा सकता है। पिछले कई साल से थानों के जवानों को साइबर क्राइम की विवेचना संबंधी ट्रेनिंग नहीं दी गई है। इससे थानों की निर्भरता साइबर सेल पर ही है। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर रेंज के अंतर्गत आने वाले सभी पुलिस स्टेशनों के लिए, बिलासपुर में केवल एक साइबर पुलिस स्टेशन है और उसके पास भी आवश्यक सामग्री नहीं है, इसके अलावा विशेषज्ञों की कमी भी है, जिसकी वजह से इस तरह की वारदात होने पर आम आदमी को तत्काल कोई राहत नहीं मिल पाती है। इससे पहले चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी में हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक, रायपुर, छत्तीसगढ़ को व्यक्तिगत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने माना है कि साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस हिसाब से थानों में सुविधाओं की भारी कमी है। टेक्नीकल स्टाफ भी कम है, जिससे साइबर क्राइम से जुड़ी शिकायतों का जल्द निराकरण नहीं हो पा रहा है। कई बार तो एफआईआर करने में भी कई दिन लग जाते हैं। इससे आरोपियों तक पहुंचना मुश्किल होता है। साइबर क्राइम में सबसे ज्यादा मामले ऑनलाइन ठगी के हैं। इसमें 100 से अधिक हर महीने पहुंच रही हैं।

### 10-20 हजार की ठगी पर ध्यान नहीं देते

ध्यान रहे कि आधे से ज्यादा शिकायतें 10 हजार -20 हजार की ठगी वाले होते हैं। इन पर पुलिस ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती है। अधिक राशि की ठगी वाले मामलों में पुलिस तत्काल एक्शन लेती है। इसकी बड़ी वजह तकनीकी स्टाफ की कमी है। बिलासपुर रेंज की ही बात करें तो साइबर सेल में टेक्नीकल स्टाफ की भारी कमी है। कुछ कर्मियों के भरोसे पूरे रेंज का काम चल रहा है। ऑनलाइन ठगी के अलावा अपराधी की बड़ी घटनाओं में इसी टीम से काम लिया जाता है। इसके अलावा अपराधियों को पकडने के लिए तकनीकी जांच भी इन्हीं के जिम्मे होता है। इस कारण साइबर क्राइम के मामलों का निपटारा काफी धीमि गति से होता है।

### सभी थानों में एक्सपर्ट की आवश्यकता

रेंज मुख्यालय होने के कारण यहां अपराध भी अधिक होते हैं। खासकर साइबर क्राइम के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके लिए हर थाने में एक तकनीकी स्टाफ की आवश्यकता है, ताकि वह थाना स्तर पर ही कॉल डिटेल, कॉल डंप, लोकेशन आदि की जांच खुद कर सके। इसके लिए उसे साइबर सेल में निर्भरता की जरूरत न पड़े। वर्तमान में साइबर सेल के पास ऑनलाइन ठगी व अन्य साइबर क्राइम के मामले तो रहते ही हैं, लेकिन थानों के भी बहुत से काम उन्हीं के पास आता है। इस कारण देरी होती है।

### कलेक्टर के शपथपत्र पर रेत खनन की जनहित याचिका निराकृत

कलेक्टर का शपथपत्र आने के बाद हाईकोर्ट ने करही कछार, बेलगहना रोड पर रेत उत्खनन से नदी के पुल को नुकसान पहुँचने के मामले में दायर जनहित याचिका निराकृत कर दी। बिलासपुर जिले के तहत ग्राम करही कछार से बेलगहना सड़क पर अरपा नदी पर एक पुल बनाया गया है । नदी के किनारे रेत खनन में लगे हुए ट्रैक्टर इस पुल के ठीक नीचे स्थित पायों के आसपास भी खनन करते रहे हैं। लंबे समय तक यह सिलसिला जारी रहने से पाए क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थानीय निवासी निरतू राम पटेल व अन्य ने कलेक्टर बिलासपुर को कई बार अभ्यावेदन दिया। इस पर कार्रवाई न होने पर जनहित याचिका दायर की गई। इस मामले में सुनवाई लम्बे समय से चल रही थी। गुरुवार को चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सुनवाई के दौरान कलेक्टर अवनीश शरण ने कोर्ट के निर्देशानुसार अपना शपथपत्र प्रस्तुत किया। इसमें बताया गया कि, इस समस्या का पूर्ण समाधान कर लिया गया है, अब पुल को किसी तरह का खतरा नहीं है। यह जवाब आने के बाद चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने यह याचिका डिस्पोज ऑफ़ कर दी।






### हाइवे पर हादसा

### पाइप से भरा ट्रक पलटा

**बिलासपुर।** बुधवार की रात अकलतरा से अमृत मिशन का पाइप लेकर बिलासपुर की ओर आ रहा ट्रक दर्रीघाट के पास हाइवे पर पलट गया। हादसा रात लगभग 1 बजे के करीब हुआ। इससे ट्रक में भरा पाइप सड़क पर बिखर गया और एक ओर का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। हाइवे का रास्ता बंद होने से जाम लग गया। दोपहर 1 बजे तक हाइवे से पाइप हटाकर रास्ता साफ किया गया।

**47 प्रधान आरक्षक सहित 356 पुलिसकर्मियों का तबादला**

# बरसों से थानों में जमे पुलिसकर्मी हटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसपी ने कई सालों से एक ही थाने में जमे व दो से तीन तैनाती काटने वाले मठाधीश पुलिसकर्मियों का तबादला कर दिया है। जिले के थानों में पदस्थ 47 प्रधान आरक्षक सहित 356 पुलिसकर्मी हटा दिए गए हैं। तबादला आदेश जारी होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

- दबादले से विभाग में मचा हड़कंप

एसपी रजनेश सिंह ने 5 माह अवलोकन करने के बाद पुलिसिंग में बदलाव लाने लोकसभा चुनाव के बाद आचार संहिता हटते ही जिले के थानेदारों में बड़ा फेरबदल किया था। उसके बाद उन्होंने 4 जुलाई को निचले स्तर पर पुलिसिंग में सुधार लाने के लिए एक ही थाने में लंबे समय से जमे व दो से तीन तैनाती काटने वाले पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें 47 प्रधान आरक्षक सहित 356 आरक्षकों के नाम शामिल हैं। सूची में सिविल लाइन थाना के 4 प्रधान आरक्षक 26 आरक्षक, सिरगिट्टी के 4 प्रधान आरक्षक, 17 आरक्षक, सरकण्डा थाना के 3 प्रधान आरक्षक, 23 आरक्षक, सिटी कोतवाली के 5 प्रधान आरक्षक, 15 आरक्षक, तारबाहर के 3 प्रधान आरक्षक, 12 आरक्षक, तोरवा थाना के 2 प्रधान आरक्षक, 16 आरक्षक, सकरी के 3 प्रधान आरक्षक 14 आरक्षक, कोनी के 1 प्रधान आरक्षक, 23 आरक्षक का नाम शामिल है। इसी तरह से पुलिस लाइन में पदस्थ 14 आरक्षकों का अलग अलग थानों में तबादला किया गया है। ग्रामीण थानों में भी थोक में प्रधान आरक्षकों व आरक्षकों का तबादला किया गया है।

### रेंज के 8 एएसआई सहित 10 पुलिसकर्मियों का तबादला

आईजी डा. संजीव शुक्ला ने रेंज के जिलों में पदस्थ 8 एएसआई सहित 10 पुलिसकर्मियों का तबादला किया है। इसमें एएसआई संजय शर्मा का सक्ती से बिलासपुर, आत्माराम कंवर का सक्ती से कोरबा, राजेश सिंह का बिलासपुर से जांजगीर, विरेन्द्र सिंह का जांजगीर से बिलासपुर, राधेला ध्रुव का सारंगढ़ से बिलासपुर, विष्णु प्रसाद यादव का सारंगढ़ से कोरबा, नरेन्द्र शुक्ला का सक्ति से जांजगीर, ईश्वरी प्रसाद साहू का सक्ति से जांजगीर, प्रधान आरक्षक नरसिंह बर्मन का सक्ति से जांजगीर, महिला आरखक आरती मिश्रा का बिलासपुर से जीपीएम जिला में तबादला किया गया है।

### रात 8 बजे तक रवानगी का आदेश

एसपी श्री सिंह ने समस्त थाना, चौकी प्रभारियों का 4 जुलाई को प्रधान आरक्षक व आरक्षकों का तबादला आदेश जारी किया है। स्थानांतरित समस्त कर्मचारियों को 4 जुलाई की रात 8 बजे तक अनिवार्य रूप से नवीन पदस्थापना के लिए रवानगी देते हुए नवीन पदस्थापना में ज्वाईनिंग करने का निर्देश दिया गया है। रवानगी व ज्वाईनिंग करने वाले पुलिसकर्मियों की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को नोट करने का आदेश दिया गया है।

### देर रात बदले गए 3 एसआई व 37 एएसआई

देर रात एसपी रजनेश सिंह ने तीन एसआई सहित 37 एएएसआई का तबादला लिस्ट जारी किया। इसमें उप निरीक्षक रमेश कुमार को सिविल लाइन, विष्णु प्रसाद यादव सिविल लाइन व भावेश शेण्डे को मल्हार का चौकी प्रभारी बनाया गया है

**महतारी वंदन योजना की पांचवीं किस्त जारी, लेकिन परेशानी हो रही**

# पौने दो लाख महिलाओं का अकाउंट आधार से लिंक नहीं, आवेदन जमा करने की प्रक्रिया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की पांचवीं किस्त जारी हो गई है। इसमें 70 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 653 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई है। इस योजना का लाभ पाने के लिए बैंक अकाउंट का आधार से लिंक होना जरूरी है लेकिन पौने दो लाख महिलाओं का अकाउंट अभी तक आधार से लिंक नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही आवेदन जमा करने की प्रक्रिया बंद कर दी गई थी। हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। हितग्राहियों का आधार डीबीटी से लिंक कराने में मैदानी अमला जुटा हुआ है। किसी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल निराकरण किया जा रहा है। ध्यान रहे कि प्रदेश में 70 लाख और बिलासपुर में सवा चार लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है।

प्रदेश में 68.60 लाख हितग्राहियों ने खाता आधार लिंक कराया है, जबकि, एक लाख 78 हजार महिलाओं का खाता आधार से लिंक नहीं है। विभाग के पास राशि नहीं मिलने की लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। हालांकि, विभाग की ओर से हितग्राहियों को एनईएफटी (नेशनल इलेक्ट्रानिक फंड्स ट्रांसफर) के माध्यम से राशि निरंतर जारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि महतारी वंदन योजना आधार बेस्ड डीबीटी योजना है। आवेदन भरने के समय ही बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय होने की शर्त रखी गई थी, इसके बावजूद हितग्राहियों ने लापरवाही बरती है। डीबीटी सक्रिय नहीं होने की कुछ तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ता है।

### नए आवेदन के लिए प्रक्रिया का इंतजार

प्रदेश में अभी भी ऐसी लाखों हितग्राही हैं, जो योजना से वंचित हैं। महतारी वंदन योजना 2.0 शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठीं हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आश्वस्त किया था कि जुलाई से वंचितों का आवदेन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बताते चलें कि महतारी वंदन योजना 1.0 के लिए राज्य शासन ने पांच फरवरी से 20 फरवरी 2024 तक आनलाइन और आफलाइन आवेदन जमा करने का समय दिया थे। इसके बाद नए आवेदन की प्रक्रिया को पोर्टल पर बंद कर दिया गया था।

### डीबीटी सक्रिय कराने में जुटा अमला




छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का शुभारंभ एक मार्च 2024 को किया गया था। 70 लाख से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन हुआ था। विभाग ने विशेष अभियान चलाकर 63 लाख से अधिक हितग्राहियों का आधार डीबीटी से लिंक कराया था। 10 मार्च को पहली किस्त जारी की गई थी। 63.57 लाख हितग्राहियों को डीबीटी तथा 6.48 लाख को एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया गया था। विभाग का मैदानी अमला हितग्राहियों का आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने में जुटा है। विभाग जुलाई तक सभी शेष हितग्राहियों के बैंक खातों को आधार लिंक कराकर डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए प्रयासरत हैं।

**पात्रता की जांच की जाएगी**

विभाग का मैदानी अमला हितग्राहियों का आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने में जुटा है। विभाग जुलाई तक सभी शेष हितग्राहियों के बैंक खातों को आधार लिंक कराकर डीबीटी के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए प्रयासरत हैं। प्रथम चरण में जिन महिलाओं को इसके तहत राशि मिल रही है उसमें कहीं कोई गड़बड़ी है तो लाभार्थियों की पात्रता फिर से जांची जाएगी।

**- आरए कुरुवंशी,** अतिरिक्त कलेक्टर

### कई पात्र महिलाएं चक्कर लगा रहीं

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वाली पौने दो लाख से अधिक महिलाओं के बैंक खाते आधार से लिंक नहीं हुए थे। इससे महिलाएं महतारी वंदन योजना की पहली किश्त से वंचित हो गई थीं। पहली किश्त जारी होने के अंतिम दिन तक आधार से खातों को लिंक करने की प्रक्रिया चली थी। इसके बाद पहली किस्त से वंचित महिलाओं को दूसरी किस्त में राशि जारी हुई थी। योजना को लागू हुए यह चौथा माह चल रहा है, लेकिन कई महिलाएं अभी भी चक्कर काट रही हैं। ऐसी महिलाओं में अधिकांश की शिकायत यही है कि सारी प्रक्रिया, सभी दस्तावेज लगाने के बाद भी अब तक उन्हें एक भी किस्त नहीं मिला है। पता करने पर उनसे कह दिया जा रहा कि खाते में तो राशि जा चुकी है। इधर-उधर की चक्कर लगाकर थक चुकीं महिलाएं परेशान होकर घर बैठ रही हैं।

# जिले में 24 घंटे में 53 मिमी बरसा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसूनी बारिश का दौर जारी है। जिले में बुधवार शाम से शुरू हुई रिमझिम बारिश गुरूवार देर रात तक रूक-रूककर होती रही। ऐसे में 24 घंटे के भीतर बिलासपुर जिले में 53.6 मिली मीटर बारिश हुई है। जिसके चलते मौसम ठंडा हो गया है। गुरूवार को अधिकतम तापमान भी सामान्य से 4.2 डिग्री गिरावट के साथ 28.2 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रिकार्ड हुआ। मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी कर रखा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक द्रोणिका राजस्थान से बंग्लादेश तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर झारखंड के उपर 3.1 से 5.8 किलो मीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 5 जुलाई को अनेक स्थान गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावन नहीं है।

### सामान्य से 29% अधिक बारिश

1 जून से अब तक बिलासपुर जिले में सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। जिले में समान्यता अब तक 198.9 मिमी बारिश होती थी, लेकिन अब तक 256.9 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि प्रदेश में इस बार सर्वाधिक बारिश कोरबा में हुई है। यहां सामान्य से 32 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। यहां 225.8 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 299 मिमी बारिश हो गई है। जबकि प्रदेश के सरगुजा जिले में सबसे कम पानी गिरा है। यहां अब तक 258.9 मिमी बारिश होना था। लेकिन अब तक 98.6 मिमी ही बारिश हुआ है जो सामान्य से 62 प्रतिशत कम है।

**कई किसानों का आधार केवाईसी अपडेट नहीं, कुछ कर रहे सरकारी नौकरी**

# जिले में 1.69 लाख किसान पंजीकृत, 97 हजार को मिल रही सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में 1.69 लाख पंजीकृत किसान हैं, लेकिन इसमे केवल 97 हजार किसानों को ही किसान सम्मान निधी का लाभ मिल रहा है, जबकि अभी भी लगभग 72 हजार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कृषि विभाग के मुताबिक इन किसानों की

- कई किसान पंजीयन ही नहीं करा पाए



केवाईसी नहीं हुई है, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि केवाईसी कराने के बाद भी उनके खातों में राशि नहीं आ रही है। दरसल प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष तीन किस्तों में 6000 रुपए देने की घोषणा केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में की थी।

इसमें प्रत्येक चार माह में किसान के खाते में 2000 रुपए भेजे जाते हैं। जिले में वर्तमान में 1 लाख 96 हजार किसान कृषि विभाग में पंजीकृत हैं। इनमें 97 हजार किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रहा है। 72 हजार किसानों को सम्मान निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### इस कारण अटक गई सम्मान निधी

कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में कई किसानों की केवाईसी नहीं हो पाई। इस वजह से किसानों को निधि नहीं मिल पा रही। इसके लिए विभाग की टीमों को ब्लॉक स्तर पर लगाया गया है। ये टीमें किसानों का सत्यापन कर खातों की केवाईसी कर रही हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों के मुताबिक जो किसान लैंड सिडिंग, बैंक से आधार सिडिंग नहीं करा पाए हैं। उनकी किसान निधी की किश्त अटक गई है।

### इन्हें नहीं मिलेगी किसान सम्मान निधी

जो लोग संवैधानिक पदों पर आसीन हैं, जो लोग मंत्री, राज्य मंत्री, लोक या राज्य सभा के सदस्य, राज्य विधान सभा या परिषद, नगर निगमों के महापौर या जिला पंचायतों के अध्यक्ष हैं। वे लोग जो रिटायर हो चुके हैं या जिन्होंने किसी सुपरनेशन स्कीम में निवेश नहीं किया है, जो 10000 रुपए या अधिक की मासिक पेंशन प्रदान करता है। (मल्टी टास्किंग स्टाफ / चौथी श्रेणी / ग्रुप डी कर्मचारियों को छोड़कर) पिछले मूल्यांकन वर्ष में टैक्स का भुगतान करने वाले लोग जो लोग पेशेवर निकायों के साथ रजिस्टर हैं और डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टर्ड अकाउंटेंट या आर्किटेक्ट होने के साथ ये काम करते भी हैं उन्हे किसान सम्मान निधी नहीं मिलेगी। इन्हें छोड़ अन्य किसान पत्र होंगे।

### केवाईसी नहीं होने के कारण अटकी किश्त

जिले में पंजीकृत 1.69 लाख किसानों में से 97 हजार किसानों को पीएम किसान सम्मान निधी मिल रही है। इनमें से भी 15 प्रतिशत किसानों की पिछली किश्त रूकी हुई है। इसका मुख्य कारण लैंड और आधार केवाईसी नहीं होना है।

**- पीडी हतेश्वर,** उप संचालक कृषि विभाग

**खबर संक्षेप**

### बृहस्पति बाजार में साइबर पाठशाला आज

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में चेतना अभियान के तहत 5 जुलाई शुक्रवार को शाम 5 बजे से बृहस्पति बाजार के पास अनुभव भवन में साइबर की पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारतीय न्याय संहिता के तहत नए कानून में दिए गए प्रावधान व नियमों से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी रजनेश सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, एसपी यातायात नीरज चंद्राकर, सीएसपी सिविल लाइन उमेश प्रसाद गुप्ता, सीएसपी सिटी कोतवाली पूजा कुमार होंगी। ज्येष्ठ नागरिक संघ की सचिव सत्यभामा अवस्थी ने अधिक से अधिक लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### सर्किट कोर्ट सीटिंग कैंप 8 से 13 तक

**बिलासपुर।** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण जबलपुर न्यायपीठ जबलपुर (म.प्र.) का सर्किट कोर्ट सीटिंग कैंप 8 जुलाई से 13 जुलाई तक जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। बैठक में शामिल होने केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण के सदस्य कुमार राजेश चंद्रा 7 जुलाई को एवं जस्टिस अखिल कुमार श्रीवास्तव का 8 जुलाई को शहर आगमन होगा।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 9 को

**बिलासपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर अवनीश शरण करेंगे। इसमें जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के आकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को पहचानना और उसका अध्ययन, राष्ट्रीय एवं राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव देना, सड़क सुरक्षा मानकों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, दुर्घटना में कमी लाने के लिए कार्ययोजना, गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों की समीक्षा एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

### जिले में औसत वर्षा 24.3 मिमी दर्ज

**बिलासपुर।** जिले में 24.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। सीपत तहसील में सर्वाधिक वर्षा 61.4 मिमी दर्ज की गई। वहीं बिलासपुर तहसील में 21.0 मिमी, बिल्हा में 12.0 मिमी, मस्तूरी में 9.2 मिमी बारिश हुई है। इसी तरह तखतपुर में 19.4 मिमी, कोटा में 35.4 मिमी, सीपत में 61.4 मिमी, बोदरी में 14.1 मिमी बारिश हुई है। बेलगहना में 10.2 मिमी, बेलतरा में 26.3 मिमी, रतनपुर में 42.2 मिमी, सकरी में 25.4 मिमी, पचपेडी में 15.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### शिविरों में किया जा रहा समस्याओं का निदान

**बिलासपुर।** ग्रामीण, किसानों सहित अन्य लोगों की समस्याओं का निराकरण करने विभिन्न ग्रामों में राजस्व शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर कोटा, रतनपुर एवं बेलगहना तहसील के विभिन्न ग्रामों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। कोटा एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने बताया कि बेलगहना तहसील अंतर्गत लगाए गए राजस्व शिविरों में 1 हजार 47 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 970 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया।

# निगम में टैक्स वसूली का ठेका समाप्त होने से हर साल बचेंगे ढाई करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टैक्स वसूली का ठेका समाप्त होने के बाद नगर निगम स्वयं सीधे टैक्स वसूली चालू कर दी है। दूसरी तरफ टैक्स वसूली का ठेका समाप्त किए जाने से नगर निगम का अब हर साल दो-ढाई करोड़ रुपए राजस्व बचेगा, क्योंकि ठेका कंपनी द्वारा जितनी टैक्स वसूली की जाती थी, उसकी सवा सात प्रतिशत राशि ठेका कंपनी को कमीशन में दी जाती थी, इससे निगम को शुद्ध नुकसान होता था। नगर निगम में फिर से टैक्स वसूली की पुरानी व्यवस्था बहाल हो गई है। निगम में पहले निगम के राजस्व अमला द्वारा ही टैक्स वसूली का कार्य किया जाता था। इसके अलावा निगम कार्यालय में टैक्स का भुगतान करने काउंटर होता था, लेकिन सात साल पहले निगम में टैक्स वसूली का काम निजी ठेका कंपनी स्पैरो को दिया गया था।

■ वसूली का सवा सात परसेंट चला जाता था कमीशन में

ठेका कंपनी के कर्मचारी शहर में घूम-घूमकर डोर-टू-डोर के साथ ही कार्यालय में काउंटर खोलकर टैक्स वसूली करते थे। वहीं नगर निगम का राजस्व अमला निगम से जुड़े नए बाहरी एरिया में टैक्स वसूल रहे थे। स्पैरो कंपनी को ठेका दिए जाने के पहले निगम के कर्मचारियों द्वारा 65-85 प्रतिशत टैक्स वसूली की जाती थी। निजी ठेका कंपनी को टैक्स वसूली का काम देने के बाद भी टैक्स वसूली में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया।

अनुबंध शर्तों के अनुसार टैक्स वसूली पर 7.15 प्रतिशत कमीशन ठेका कंपनी को मिलता था। इस तरह निगम अपने कर्मचारियों को वेतन भी दे रहा था। इससे निगम को दोहरा नुकसान हो रहा था। अब जब टैक्स वसूली का ठेका समाप्त हो गया तो निगम में हर साल दो-ढाई करोड़ का राजस्व बचेगा।

### वर्ष 2017 में हुआ था ठेका

निगम में टैक्स वसूली के लिए स्पैरो के साथ 7 जुलाई 2017 को अनुबंध हुआ था। पहले स्पैरो को पांच साल टैक्स वसूली का ठेका मिला था जो 2022 में पूरा हो गया था। इसके बाद स्पैरो को बीच में दो साल समय दिया गया था, वह समयवृद्धि भी 16 जून 2024 को समाप्त हो गई। इधर स्पैरो का टैक्स वसूली में परफार्मेंस ठीक नहीं रहा और औसतन 60 प्रतिशत ही टैक्स वसूली कर पा रही थी, जबकि निगम का राजस्व अमला उससे अधिक वसूली करता था। स्पैरो द्वारा नगर निगम के शहरी क्षेत्र में सात सालों तक टैक्स वसूली की गई और इस दौरान लगभग पौने दो सौ करोड़ टैक्स की वसूली ठेका कंपनी द्वारा की गई।

### पिछले वित्तीय वर्ष में 2 करोड़ 13 लाख कमीशन

ठेका कंपनी स्पैरो द्वारा प्रापर्टी समेत समेकित, बाजार आदि टैक्स वसूली की जा रही थी। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 55 करोड़ 5 लाख टैक्स वसूली का टारगेट स्पैरो कंपनी को दिया गया था। इसमें से 31 मार्च की स्थिति में स्पैरो द्वारा सालभर में 30 करोड़ 47 लाख की टैक्स वसूली की गई है, जो कि 60 फीसदी के आसपास है। इस वसूली के एवज में ठेका कंपनी का 2 करोड़ 13 लाख रुपए कमीशन बना है। इसी तरत वर्ष 2017-18 में 126.62 लाख, वर्ष 2018-19 में 165.92 लाख, वर्ष 2019-20 में 172.42 लाख, वर्ष 2020-21 में 209.13 लाख, वर्ष 2021-22 में 208.21 लाख, वर्ष 2022-23 में 1 करोड़ 92 लाख रुपए के लगभग कमीशन बना।




### राजस्व की होगी बचत

नगर निगम में टैक्स वसूली का ठेका समाप्त हो गया है और निगम द्वारा स्वयं सीधे टैक्स वसूली की जा रही है। टैक्स वसूली का ठेका समाप्त होने जो ठेका कंपनी को वसूली का कमीशन के रूप में करोड़ों रुपए मिलता था उतना राजस्व अब निगम का हर साल बचेगा।

-अमित कुमार
कमिश्नर नगर निगम

## अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग का होगा काम

# 8 एक्सप्रेस, 13 पैसेंजर सहित 32 ट्रेनें रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के नाम पर रेलवे ने एक बार फिर 32 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसमें से 8 एक्सप्रेस और 13 पैसेंजर ट्रेनें शुरूवात से ही रद्द रहेंगी। जबकि 11 ट्रेनों को गंतव्य/प्रस्थान के बीच में रद्द किया गया है।

रेलवे के अफसरों ने बताया कि अधोसंरचना विकास के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अकलतरा–नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग का काम 12 से 16 जुलाई तक किया जाएगा। इस काम के कारण 11 से 17 जुलाई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है। इधर खेती-किसानी और ग्रीष्म कालीन छुट्टियां खत्म होते ही एक ओर पलायन कर चुके मजदूर अपने घर वापस लौट रहे हैं तो दूसरी ओर स्कूल-कॉलेज खुलने से विद्यार्थी बड़े शहरों की ओर जा रहे हैं। ऐसे में सभी ट्रेनें फुल हैं। इसमें कई ट्रेनों में वेटिंग 300 के पार तक पहुंच गई है। ऐसे में अब 32 ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। व्यवस्था सुधरने के बाद ट्रेनें सामान्य होंगी।



### रद्द होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनें

- 11 से 15 जुलाई तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 12 से 16 जुलाई तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस
- 11,12,14,15 व 16 जुलाई को 12070 गोंदिया-रायगढ़ जनशताब्दी एक्सप्रेस
- 12,13,15,16 व 17 जुलाई को 12069 रायगढ़-गोंदिया जनशताब्दी एक्सप्रेस
- 13 जुलाई को 18249 रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस
- 14 जुलाई को 18250 कोरबा- रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस
- 14 जुलाई को 18251 रायपुर-कोरबा, हसदेव एक्सप्रेस
- 15 जुलाई को 18252 कोरबा- रायपुर, हसदेव एक्सप्रेस रद्द होने वाली पैसेंजर ट्रेंने
- 12 से 16 जुलाई तक 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू स्पेशल
- 11 से 15 जुलाई तक गाड़ी संख्या 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू स्पेशल
- 11 से 15 जुलाई तक 08280 रायपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08279 कोरबा-रायपुर पैसेंजर स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर स्पेशल
- 11 से 15 जुलाई तक 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल
- 12 से 16 जुलाई तक 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल
- 13 व 14 जुलाई तक 08264 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर स्पेशल

### बीच में रद्द होने वाली 11 ट्रेनें

- 11 से 15 जुलाई तक 18518 विशाखापट्टनम-कोरबा एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।
- 12 से 16 जुलाई तक 18517 कोरबा-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस बिलासपुर से विशाखापट्टनम के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।
- 10 से 15 जुलाई तक 18109 टाटानगर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-टाटानगर के मध्य रद्द रहेगी ।
- 12 से 17 जुलाई तक 18110 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस बिलासपुर से नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी टाटानगर- बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी ।
- 12 से 16 जुलाई तक 18237 कोरबा-अमृतसर,छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस बिलासपुर से अमृतसर के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।
- 12 जुलाई को 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।

14 जुलाई को 12252 कोरबा-यशवंतपुर एक्सप्रेस बिलासपुर से यशवंतपुर के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

- 11 जुलाई को 22648 कोचुवेली-कोरबा एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-कोरबा के मध्य रद्द रहेगी।
- 13 जुलाई को 22647 कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस बिलासपुर से कोचुवेली के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी कोरबा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।
- 10,11,13 व 15 जुलाई को 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़, गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर में समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर-रायगढ़ के मध्य रद्द रहेगी।
- 12,13,15 व 17 जुलाई को 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर से निज़ामुद्दीन के लिए रवाना होगी। यह गाड़ी रायगढ़-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## 11 केवी और 33 केवी लाइनों में फाल्ट से बढ़ी समस्या


# 8 घंटे बिजली बंद, घरों में नहीं पहुंचा पानी, हलाकान रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में बिजली सप्लाई अभी भी ठीक नहीं हो सकी है। शहरीय क्षेत्र में भी 8 घंटें तब बिजली बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हालत यह है कि उपभोतओं को पीने का पानी मिला और रोजमर्रा के काम भी प्रभावित होते रहे।

■ अलका एवेन्यू, उसलापुर और मंगला में रही बिजली ठप

दरअसल अलका एवेन्यू में सुबह 6 बजे से बिजली सप्लाई बंद रही, 9 बजे के बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे लेकिन लाइन में फाल्ट सुधारते हुए 11 बजे गया। इस दौरान कर्मचारियों ने 33 केवी और 11 केवी के बीच लाइन फाल्ट होने के कारण ब्रेक डाउन होना पाया और सुधार कार्य किया गया। वहीं कर्मचारियों ने एबी स्विच में भी सुधार कार्य किया, लेकिन लाइन बनाने के बाद सप्लाई नार्मल करने के बाद कई जगहों पर जम्पर कटने की घटनाएं हुई, जिससे सुधारने में एचटी मेंटनेंस की टीम को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। खास बात यह है कि इस दौरान हो रही बारिश के कारण बिजली कर्मचारी काम नहीं कर पा रहे थे, करीब 2 बजे के बाद लाइन चालू हो सकी। ऐसे में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अलका एवेन्यू में बिजली बंद रही, वहीं मंगला, उसलापुर क्षेत्र में 3 घंटें सप्लाई ठप रही। इस दौरान उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।



### 12 से अधिक कर्मचारियों की कमी

बताया जा रहा है कि एचटी मेंटनेंस विभाग में 12 से अधिक कर्मचारियों की कमी है। शासन ने संविधा और ठेके कर्मचारियों को लाइन में चढ़ाने से मना कर दिया है , ऐसे में परमानेंट लाइनमेन से ही लाइन बनवाने की हिदायत है। वहीं विभाग में लाइनमेन की भर्ती पिछले कई सालों से नहीं हो सकी है। जिसके चलते लाइन सुधारने में दिक्कतें आ रही है और इसी के चलते सुधार कार्य में देरी हो रही है।

## चाचा के घर पर था छात्र, 12 वीं की परीक्षा में हो गया था फेल

# बाहर से घूमकर आने के बाद रात में युवक ने घर में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाहर से घूमकर आने के बाद देर रात एक युवक ने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली थाना के एएसआई विजय राठौर ने बताया, करबला रोड भाजपा कार्यालय के पास रहने वाले आटो चालक संजय दीवान का बेटा विवेक दीवान घर की आर्थिक स्थिति खराब होने से अपने चाचा के साथ रह रहा था। पिछले साल उसने 12 वीं की परीक्षा दी थी, जिसमें वह फेल हो गया था। बुधवार की रात 9.30 बजे घर से घूमने के लिए निकला और 12 बजे घर लौटा। उसके चाचा चाची ने खाना खाने कहा तो उसने खाना खाने से इनकार कर दिया और अपने चाचा का मोबाइल चार्जिंग करने के लिए अपने कमरे में ले गया। गुरूवार की सुबह चाचा मोबाइल लेने के लिए उसके कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की से देखे तो विवेक दीवान ने पंखे में चादर से फांसी लगा ली थी। वे दरवाजा तोड़कर फंदा खोलकर उसे इलाज के लिए सिम्स लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।



मृतक।

■ आत्महत्या करने के कारणों का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

## शिक्षिका ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

शिक्षिका ने घर में पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उन्होंने थाना प्रभारी के नाम सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें कहा गया है कि परिवार के किसी भी सदस्य की गलती नहीं है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।

सिविल लाइन थाना के एएसआई मीना ठाकुर ने बताया कि शालिनी सलूजा चांटीडीह आत्मानंद स्कूल में शिक्षिका थीं। उनके पति मुंबई में प्राइवेट जाब करते हैं। शादी के बाद वे पत्रकार कालोनी में सास, ससुर जेठानी के साथ रह रही थीं। उनके जेठ भी बाहर में नौकरी करते हैं। बुधवार की शाम वे घर लौटीं और बिना खाना खाए रात 9 बजे अपने कमरे में सोने चली गईं। गुरूवार की सुबह वे अपने कमरे से बाहर नहीं निकलीं तो घरवालों ने आवाज लगाई। उसके बाद भी दरवाजा नहीं खुलने पर घरवालों ने उनके मामा निशांत सलूजा को जानकारी देकर घर बुला लिया। परिवार के लोगों ने जोर से दरवाजे को धक्का देकर खोला तो शालिनी की पंखे में फांसी पर लटकी लाश मिली। उन्होंने कपड़ा व केबल तार से फांसी लगा ली थी। सूचना पर पुलिस उनके घर पहुंच गई। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है।

### मिला सुसाइड नोट

पुलिस को कमरे की तलाशी लेने पर शालनी के द्वारा लिखा गया थाना प्रभारी के नाम की सुसाइड नोट मिला। उसमें उन्होंने लिखा है उनके ससुरालवाले बहुत अच्छे हैं। यह कदम उठा रही हूं, पति को नहीं बताई हूं। इमसें किसी की भी गलती नहीं है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

## किराए पर कार लेकर दूसरे को बेच दी

**बिलासपुर।** तीन लोगों ने किराए में चलाने के नाम पर कार ली और फर्जी आधार कार्ड से दूसरे को बेच दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड निवासी विकेश यादव 34 साल वाहन खरीदी बिक्री का काम करते हैं। 12 नवंबर 2021 को उन्होंने अम्बिकापुर ब्रम्हरोड निवासी राजीव लोचन पाठक नामक व्यक्ति से टोयोटा इनोवा कार 3 लाख रुपए में खरीदी थी। एक माह बाद उन्होंने उक्त कार बेचने ओएलएक्स में विज्ञापन जारी किया। इससे जानकारी हुई उक्त वाहन का वास्तविक मालिक राजीव लोचन पाठक नहीं कोई और है। उसका वास्तविक नाम कोरबा निवासी विकास अग्रवाल पिता जगदीश प्रसाद अग्रवाल है।

उक्त वाहन को वास्तविक मालिक राजीव लोचन पाठक से विकास अग्रवाल, नरेन्द्र गायकवाड़ जमनीपाली , सुमेर दास बाकी मोंगरा निवासी ने प्लांट में किराए पर लगाने के लिए लिया था उन्हें बेच दिया था। वास्तविक मालिक अपनी गाड़ी ले गया। श्री यादव उनसे संपर्क कर पैसा वापस मांगा तो 75 हजार रुपए वापस किया गया। उसके बाद वे 2 लाख 25 हजार रुपए नहीं लौटा रहे हैं। शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने विकास अग्रवाल, नरेंद्र गायकवाड़, सुमेर दास के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।


बिलासपुर लोकसभा के सहज, सरल, लोकप्रिय सांसद
मान. तोखन साहू जी
को केन्द्रीय राज्यमंत्री बनने पर एवं
प्रथम नगर आगमन पर हार्दिक बधाई...
गोपाल अग्रवाल
युवा उद्योगपति व समाज सेवक
गोरेला-पेंड्रा-मरवाही
फकीर चंद अग्रवाल
आशीष अग्रवाल
श्रीमती मीनू अग्रवाल
श्रीमती कोमल अग्रवाल
यश अग्रवाल
अंशिका अग्रवाल
जयप्रकाश शिवदासानी (जेठू भैया)
कोषाध्यक्ष भाजपा
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
संदीप जायसवाल (मंजू भैया)
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत गौरेला
अमिठ मेठवानी
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
श्रीमती राखी गहलोत
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
अजय गोयल
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
जितेन्द्र जैन
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
श्रीमती चित्राणी जायसवाल
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
मनीष सोनी
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
सचिन जैन
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
संदीप केडिया
गोरेला-पेंड्रा-मरवाही
संतोष तिवारी
गोरेला-पेंड्रा-मरवाही
सचिन जैन
गोरेला-पेंड्रा-मरवाही
समस्त अग्रवाल परिवार, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही


बिलासपुर लोकसभा के सहज,
सरल, लोकप्रिय सांसद
मान. तोखन साहू जी
के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही
प्रथम नगर आगमन
पर हार्दिक बधाई...
गोपाल अग्रवाल
युवा उद्योगपति व समाज सेवक
गोरेला-पेंड्रा-मरवाही
समस्त भाजपा परिवार, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही


मान. श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्यमंत्री
का गौरेला मण्डल में
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन
विनीत- भाजपा मण्डल गौरेला, जीपीएम


मान. श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्यमंत्री
का जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में
प्रथम नगर आगमन पर
हार्दिक अभिनंदन
सौजन्य- गोपाल कृष्ण अग्रवाल
व्यवसायी एवं समाजसेवी

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग खिलाड़ी बने प्रवीण 1486 रेटिंग अंक लेकर बढ़ाया गौरव



**लोरमी।** ग्राम लालपुर कला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अध्ययनरत कक्षा 8वीं के छात्र प्रवीण कुमार कश्यप ने शतरंज में सीनियर स्टेट फिडे रेटेड स्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर 1486 रेटिंग प्राप्त किया है। जिले में वे 10वें रेटिंग प्लेयर बने। प्रवीण अंतर शालेय स्पर्धा में राज्य स्तर एवं छत्तीसगढ़ में होने वाली विभिन्न राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह रेटिंग उन्होंने भिलाई में आयोजित अंडर 17 फिडे रेटेड शतरंज स्पर्धा एवं महासमुंद में आयोजित सीनियर स्टेट फिडे रेटेड शतरंज स्पर्धा में अंतर्राष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर प्राप्त किया है। जिले में वे 10वें रेटिंग प्लेयर बने। विश्व शतरंज महासंघ द्वारा 1 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग जारी की गई। प्रवीण ने यह उपलब्धि महज 1 वर्ष में प्राप्त कर लिया। ग्रामीण क्षेत्र में यह उपलब्धि करने वाला जिले में सबसे कम उम्र में 10वां बालक बना। प्रवीण के पिता कुंभकरण कश्यप एवं माता करुणा कश्यप साधारण जीवन यापन करने वाले मजदूर हैं।

### सेवानिवृत्त होने पर छोटेलाल को दी गई विदाई



**मल्हार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार के सहायक ग्रेड दो छोटेलाल सूर्यवंशी को सेवानिवृत्त होने पर शालेय परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर श्री सूर्यवंशी ने अपने सेवाकाल के अनुभव को याद करते हुए कहा कि निष्ठा, ईमानदारी से कार्य ही मंजिल तक पहुंचाता है। इस संस्था में मैं कर्मचारी नहीं परिवार के सदस्य का अनुभव किया है। संस्था प्रमुख काशीराम रजक ने कहा श्री सूर्यवंशी ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ के रूप में याद रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन रूपेंद्र सिंह महिलांगे एवं आभार कल्पना टंडन ने किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीरबल थवाईत, रूपेंद्र सिंह महिलागें, रमेश कुमार कुर्रे, संजय महिपाल, कल्पना टंडन, अनोद केवट, कमलेश्वर सुमन, मिथिलेश सोनी, अभिषेक खूंटे, श्वेता सैमुअल, कुमारी श्याम यादव, नीता हेनरी, पुष्पा देवी पांडे, सुनीता मरावी, जवाहरलाल बासंती सहित सभी कर्मचारी और संस्था के बच्चे उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला गोइन्द्रा में अंगना में शिक्षा कार्यक्रम

**पथरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला गोइन्द्रा में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के प्रधान पाठक जितेंद्र गेंदले ने संबोधित किया। उन्होंने सभी उपस्थित मातृशक्तियों को शिक्षा के महत्व को बताया और उन्हें प्रेरित भी किया कि आप अपने बच्चे को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजें और उनके भविष्य को गढ़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। संकुल समन्वयक विकास जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम प्रभारी माया गेंदले ने अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर महिलाओं के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन भी किया गया।



### डा. लदेर को कॉलेज परिवार ने दी विदाई



**तखतपुर।** महाविद्यालय परिवार की ओर से जेएमपी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसएन लदेर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। डॉ एसएन लदेर समाजशास्त्र के विभाग अध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य के रूप में 1988 से इस महाविद्यालय में लगातार सेवाएं दे रही थी 30 जून को 2024 को शासकीय सेवा पूर्ण करते हुए सेवानिवृत हुई। डॉ श्रीमती लदेर ने कहा कि मैं इस महाविद्यालय के लिए हमेशा सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगी। कार्यक्रम में इस मौके पर डॉक्टर सीमा नेगी, डॉक्टर एसके पांडे, डॉ राजीव शर्मा, डॉक्टर मीना शर्मा डॉक्टर सीमा मनीष नाथ डॉ राकेश कुर्रे अशोक जग्यासी डॉ डी चंद्रवंशी प्रिया जायसवाल डाक्टर पार्वती पटेल डाक्टर इंदु कौशल डॉक्टर शास्मिता बारगाह डाक्टर बारले डाक्टर टेकचंदानी बसंत प्रवीण पांडे लता चंद्रवंशी प्रकाश ठाकुर पंकज निर्मलकर, जय, गोपाल, सुखनंदन ,संतोष सहित अन्य उपस्थित रहे।


हरिभूमि 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152


### खराब सड़क को शीघ्र सुधारने के निर्देश

# विधायक मोहले व कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेतगंगा/मुंगेली

पण्डरिया रोड में बीजातराई तक निर्माणाधीन सड़क की धीमी गति के चलते नागरिकों को परेशानी संबंधित लगातार खबरे प्रकाशित की गई थी। हरिभूमि में प्रकाशित खबर का असर के चलते क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने पण्डरिया रोड सेतगंगा में पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को सड़क दुरूस्थ करने के लिए निर्देशित किया।

खबर का असर

बारिश के दिनों में सड़कों में पानी भरने एवं गढ्डों के कारण दुर्घटना की संभावना को देखते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले और कलेक्टर राहुल देव ने आज मुंगेली-फास्टरपुर सड़क मार्ग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क मार्ग में जगह-जगह जल जमाव होने पर नाराजगी जाहिर की और वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए पानी की निकासी के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने गड्ढों की पैच रिपेयरिंग और निर्माणाधीन कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि हल्की बारिश के साथ ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल हो गया है। दाऊपारा नहर से जिला अस्पताल एवं पुलिस लाईन लालाकापा जाने वाली मार्ग में सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गए है। जिसके चलते लोगों को जिला अस्पताल जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पड़ाव चौक से लोरमी बाईपास मार्ग की जर्जर स्थिति बनी हुई है। पुल के पास एप्रोच मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गए थे जिनका मरम्मत के नाम पर गड्ढ़ो को पाटा गया है। नागरिकों ने शहर की सड़क व्यवस्था को बरसात में मरम्मत किए जाने की मांग अधिकारियों से की है।



आधी-अधूरी सड़क का निरीक्षण करते विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं अधिकारी।

#### हरिभूमि की खबर पर लिया संज्ञान

"आधे-अधूरे सड़क निर्माण के चलते बस स्टैण्ड बना तालाब, राहगीर परेशान" शीर्षक के नाम से 25 जून को हरिभूमि में प्रकाशित की गई थी। पण्डरिया रोड में आधे-अधूरे सड़क निर्माण को लेकर हरिभूमि में लगातार खबरों का प्रकाशन किया था। लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए विधायक श्री मोहले ने बाघामुड़ा से बीजातराई तक अधूरे सड़क एवं नाली निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि बारिश में अधूरे निर्माण कार्य के कारण कहीं भी सड़क दुर्घटना की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। विधायक श्री मोहले ने दशरंगपुर से किशनपुर सड़क मार्ग को भी संज्ञान में लिया और सड़क में जल जमाव की स्थिति को देखते हुए शीघ्र निकासी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारी और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार

## कोटा नगर की सड़कें खराब आए दिन हो रही दुर्घटना

**करगी रोड कोटा।** जय स्तम्भ चौक नाका से नगर के मध्य चंडी माता चौक स्टेशन रोड, रेलवे ब्रिज होते हुए रतनपुर रोड में वार्ड नं. 13 रेलवे ब्रिज के पास तक सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। आए दिन उस रोड पर दुर्घटनाएं हो रहीं है।

सड़क खराब होने के कारण गुरुवार को वहां कचरा गाड़ी पलट गई, जिसमें सवार महिला कर्मचारियों को चोटें आई। शहर की अधिकांश सड़कें ऐसी हैं। रेलवे स्टेशन से मुक्तिधाम जाने वाली सड़क बहुत ही खराब है जिस पर न रेलवे प्रशासन ने ध्यान दिया न लोक निर्माण विभाग ने और न नगर पंचायत ने ध्यान दिया है। हालत यह है कि राहगीरों की समस्या बढ़ती ही जा रही है। शहर में सड़कों का हाल-बेहाल बना हुआ है। सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। गड्ढों में पानी जमा हो रहा है। जिससे चलना दूभर हो गया है जिससे दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। राहगीरों को मुसीबत झेलना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कुछ दिन पहले पेच रिपेयरिंग का कार्य कराया गया था, लेकिन चंद दिनों में ही सड़कें जस की तस हो गईं। जिसके कारण वाहन भी पलट जा रहे हैं। बारिश का पानी जमा होने के कारण कई स्थानों पर तो पता ही नहीं चल रहा कि कहां सड़क है कहां गड्ढा, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस तरह प्रतीत होता है की कोई बड़ी दुर्घटना होने के बाद प्रशाशन का ध्यान इस ओर जाएगा।

## संचालक लोकशिक्षण ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**सरगांव।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय सरगांव जिला मुंगेली का आकस्मिक निरीक्षण, संचालक लोक शिक्षण संचनालय रायपुर दिव्या उमेश मिश्रा ने किया। इस दौरान आपने बच्चों की कक्षा अनुसार दक्षता का सूक्ष्म परीक्षण किया और उन्हें पढ़ने व लिखने का आसान तरीका अपनाने पर जोर दिया। आपके साथ उप संचालक ,अशोक नारायण बंजारा संयुक्त संचालक संभाग बिलासपुर आर पी आदित्य निरीक्षण के समय उपस्थित रहे।। संस्था प्राचार्य डॉ. स्नेहलता चंद्रा ने पुष्प गुच्छ से सबका स्वागत कर उन्हें शाला में संचालित सभी कार्यक्रम की जानकारी दी । साथ ही विद्यालय के समस्त गतिविधियों का निरीक्षण करते हुए प्राचार्य कक्ष, स्टॉफ कक्ष, प्रयोगशाला के साथ साथ शिक्षण कक्ष में छात्र छात्राओं से मिल कर विभिन्न विषयों के प्रश्न के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता का अवलोकन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने बीच उच्चाधिकारी को पाकर उत्साह से सभी प्रश्नों का जवाब दिए। विद्यालय परिसर को साफ सुथरा और विद्यालय में गुणवता युक्त शिक्षण व्यवस्था के लिए संस्था प्राचार्य समेत समस्त कर्मचारियों की प्रशंसा किया गया। अंत में सभी अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में अपने हाथों से पौधरोपण किए।




# जेल में बंद कैदी की मौत, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीपीएम

जिले में जेल में बंद एक कैदी की मौत का मामला सामने आया है। कैदी की सेहत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, जहां से उसे बिलासपुर रेफर किया गया, लेकिन बिलासपुर लाने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार गौरेला के ज्योतिपुर का निवासी अशोक सोनकर चोरी के आरोप में गौरेला के गोरखपुर उप जेल में पिछले चार महीने से बंद था। कल रात को उसको उल्टी की शिकायत के बाद जिला अस्पताल लाया गया था। रात में ही उसका इलाज करा कर उसको जेल में वापस ले जाया गया था। आज सुबह फिर उसको जांच के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां अचानक तबीयत बिगड़ने पर युवक को ब्लॉकेज की समस्या के कारण बिलासपुर रेफर कर दिया गया। बिलासपुर ले जाने के पहले ही उसकी मौत हो गई। अशोक सोनकर की मौत के बाद परिजन ने जेल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा मचाया, औऱ नारेबाजी की।



#### तबीयत खराब थी

अशोक सोनकर की जेल में रात को तबीयत खराब हो गई थी। रात में ही अस्पताल लाकर इलाज कराकर उसे वापस जेल ले जाया गया था। आज सुबह जांच के लिए जिला अस्पताल लाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। अभी मृतक अशोक के परिजन उत्तर प्रदेश में हैं। कल उनके आने के बाद पंचनामा, पोस्टमार्टम और अन्य कार्रवाई की जाएगी।

-**ओम चंदेल**, एडिशन एसपी, जीपीएम

## कलेक्टर बोलेः अभियान चलाकर आमजन को दें राहत, तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**मुंगेली।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसील कार्यालय मुंगेली का निरीक्षण कलेक्टर राहुल देव ने किया। उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नामांतरण, बटांकन आदि राजस्व से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन नक्शा सुधार एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए तहसील एवं राजस्व कार्यालय के चक्कर लगाते हैं। इसके लिए अभियान चलाएं और आमजनों को राहत दिलाएं।



कलेक्टर श्री देव ने तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों को मौके पर जाकर नक्शा, बटांकन आदि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए और गलत नक्शा काटने पर संबंधित पटवारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने त्रुटि सुधार के प्रकरणों पर भी विशेष ध्यान देते हुए उनके यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर राहुल देव ने कार्यालय में आए फरियादियों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें त्वरित लाभ दिलाने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया। उन्होंने फरियादी संतोष साहू, सुमन प्रसाद, मालिक राम से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी समस्याओं को गंभीरता से सुना और तहसीलदार को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## बिजली समस्या दूर नहीं होने पर ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**सरगांव।** पथरिया क्षेत्र के ग्रामीणों ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं कम क्षमता के लगे ट्रांसफार्मरों को बदलने बिजली आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए कलेक्टर मुंगेली एवं मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल संभाग बिलासपुर के नाम तहसीलदार सरगांव के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

■ बिजली विभाग एवं प्रशासनिक अफसरों को सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्रवासी विगत छह माह से घोर बिजली संकट से जूझ रहे हैं। आए दिन अनिश्चित कालीन बिजली कटौती होती रहती है। कई गांव में तो दो चार दिन तक भी बिजली की सप्लाई नहीं होती है। क्षेत्र के सभी गांवो में कम क्षमता के लगे ट्रांसफार्मरों में ओवरलोड के कारण खराब होने से भारी भरकम समस्या होने से किसानों छात्र छात्राओं व्यापारियों एवं आम जनों में आक्रोश व्याप्त है।यदि 15 दिनों के भीतर निराकरण नहीं किया जाता है तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में दिलीप कौशिक अधिवक्ता बावली, आशुतोष पांडे करही, पुष्पा घृतलहरे जनपद सदस्य मदकू, शंकर परिहार बारगांव, जनऊराम मोहभट्ठा, भरत यादव सरगांव, लोकेश साहू सरगांव, मनीष यादव हथकेरा, माधव यादव, परदेशी पाटले, कृष्ण कुमार पीपरलोड, रामू कौशल सावतपुर, मानस लोधी मुंडादेवरी, अनिता, कोमल घृतलहरे रामतला, रतिराम लखुवाडीह, अजीत कौशल भखरीडीह, सुमित कौशिक रामबोड आदि प्रबुद्ध ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## प्रधान पाठक पर कार्रवाई की मांग



**मुंगेली।** शिक्षा के मंदिर में पांचवीं कक्षा की छात्रा को मार-मारकर लहूलुहान करने वाले प्रधान पाठक पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज युवा कांग्रेस ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

युवा कांग्रेस जिला महासचिव अजय साहू ने बताया कि जिले में फिर एक बार शिक्षा को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। शासकीय प्राथमिक शाला चमारी के प्रधान पाठक ने कक्षा पांचवी में पढने वाली छात्रा को डंडे से मार कर लहू लुहान कर दिया। ज्ञात हो कि 29 जून को विद्यालय के प्रधान पाठक टुकराम खांडे के द्वारा विद्यालय के अंदर ही दुर्व्यवहारिक रूप से व्यवहार करते हुए कक्षा पांचवी में पढ़ने वाली गौरी साहू को डराया गया और फिर डंडे से मारकर दाहिने आंख के पास चोट पहुंचाई गई। जिससे आंख में सूजन व खून जम गया है और आंखों के नीचे गंभीर चोट का निशान भी बन गया है। इस घटना के संबंध में पीड़िता के पालक द्वारा 1 जुलाई को विधिवत रूप से जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रधान पाठक के ऊपर कार्रवाई की मांग की गई थी। परंतु प्रधान पाठक टुकराम खांडे के ऊपर किसी भी प्रकार का विभागीय कार्यवाही नहीं किया गया। जिसको लेकर युवा कांग्रेस के महासचिव अजय साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत की गई है।

## हिन्दू युवा मंच ने किया राहुल का पुतला दहन



**तखतपुर।** हिंदू युवा मंच के तत्वावधान में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। हिंदू युवा मंच के प्रमोद धुरी ने कहा कि हिंदुओं का विरोध करते-करते राहुल गांधी भारतीय संस्कृति का विरोध करने लगे हैं। राहुल गांधी अपने हिंदू वाले बयान पर माफी मांगे। बरेला स्थित पंजाब नैशनल बैंक के पास हिंदु युवा मंच, युवा मोर्चा के नेतृत्व में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की हिंदु विरोधी मानसिकता है। इस मौके पर नरेश पटेल, नोहर सिंह ठाकुर, संजय निर्मलकर, प्रमोद धुरी, नितेश पटेल,तरुण साहू, रामकुमार साहू, हेमंत पटेल, अनुराग निर्मलकर, प्रदीप पटेल, संजय धुरी, लक्की यादव, अरविंद पटेल, सूरज धुरी, आशीष निर्मलकर, अतुल गुप्ता, बंटी मानिकपुरी, विनोद भास्कर, मुकेश धुरी ,मोंटू यादव , रितिक पटेल,चित्रकान्त पटेल,राहुल पटेल,बेदा पटेल, विकास पटेल युगल पटेल ,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।